www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

मौसम
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 गढ़ी हुई छवियों से मुक्त हों स्त्री-पुरुष

डंपर की टक्कर से टूटा बिजली का खंभा 04

वर्ष :08 | अंक :340 | मुंबई , रविवार , 01 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## आजम खान की पत्नी और बेटे के शस्त्र लाइसेंस निरस्त, दुरुपयोग की थी आशंका

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां के परिवार को एक और झटका देते हुए रामपुर के जिलाधिकारी ने उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम खां के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। पुलिस की विपरीत रिपोर्ट के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। शासकीय अधिवक्ता प्रेम किशोर पांडेय ने बताया कि डॉ. फात्मा और अब्दुल्ला के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट एक जनवरी 2022 को रामपुर के एसपी ने शस्त्र अधिनियम की धारा 17 के तहत जिलाधिकारी को दी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि डॉ. फात्मा और अब्दुल्ला को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े एक मामले में सात-सात साल कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा अब्दुल्ला के खिलाफ 29 और डॉ. फातमा के खिलाफ 21 मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, चूंकि दोनों के खिलाफ कई मामले लंबित हैं, इसलिए शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग की संभावना है। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज किया गया और गुण-दोष के आधार पर इसका निपटारा किया गया। दोनों के पास 0.32 बोर की रिवॉल्वर है। मोहम्मद आजम खान एक भारतीय राजनीतिज्ञ, वकील और पूर्व निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिन्होंने रामपुर से सांसद के रूप में कार्य किया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

बुलंदशहर जिले के सिकन्द्राबाद क्षेत्र में शनिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की भिड़ंत हो गई जिससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिकन्द्राबाद की पुलिस क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह ने यहां बताया कि जोखाबाद औद्योगिक क्षेत्र में गोपालपुर गेट के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली का टायर अचानक फट गया जिससे इससे वह अनियंत्रित हो गई और एक कार उससे जा टकरायी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई जिनकी पहचान सचिन (25), अमित (35) और दीनानाथ (45) के रूप में हुई है। दुर्घटना में एक स्कूटी सवार को भी चोट आई है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंह ने बताया कि कार सवार लोग गाजियाबाद से बुलंदशहर की तरफ आ रहे थे। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य: सीजेआई

**मुख्य न्यायधीश ने वकीलों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इतनी बड़ी इमारत के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी जताया आभार**

**उद्घाटन**

संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए, जिन्होंने सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया: सीजेआई .भारत 75 वर्षों के बाद भी न सिर्फ प्रगति कर रहा, बल्कि जब-जब देश पर संकट आया तब मजबूत और यूनाइट रहा, इसका श्रेय भारतीय संविधान को देना होगा: चीफ जस्टिस

एजेंसी

प्रयागराज । भारत के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई (जस्टिस बीआर गवई) ने शनिवार को उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है। संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है।



**आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित करता है प्रयागराज : सीएम योगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन गौरवमयी है। आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है। सीएम ने कहा कि प्रयागराज यूपी में भारत के विरासत की भूमि है। यह भूमि प्राचीन काल से ही मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी के साथ ही आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित करती है। प्रयागराज की भूमि महाकुम्भ की भी भूमि है। यहां के संगम में डुबकी लगाकर हर भारतीय ने अपने विरासत से खुद को जोड़कर गौरव की अनुभूति की।

### 75 वर्ष के बाद भी भारत मजबूत और यूनाइट

मुख्य न्यायधीश ने कहा कि जब 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान का अंतिम ड्राफ्ट कॉन्स्टिट्यूशनल असेंबली के सामने रखा था तब उन्होंने जो भाषण दिया वह हमारे देश को दिशा देने वाला था। उन्होंने उस समय एक वार्निंग दी थी कि जब तक हम सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर नहीं करेंगे तब तक इस देश में सही मायनों में जनतंत्र का निर्माण नहीं हो पाएगा। आज हम देखते हैं कि जो हमारे 75 साल की जर्नी रही उसमें हमारी कार्यपालिका और न्यायपालिका ने भारत में समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री जी ने भी कहा कि हमारे संविधान ने 75 वर्ष के कालखंड में देश को प्रगति की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया है। जब संविधान बन रहा था, तब कहा गया कि संविधान बहुत ज्यादा फेडरल है।

**प्रयागराज पावरफुल लोगों की भूमि**

अपने संबोधन में मुख्य न्यायधीश ने कहा कि मुझे आनंद है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायधीश बनने के बाद पहले आधिकारिक कार्यक्रम में ही मुझे प्रयागराज की पुण्य भूमि पर आपने का अवसर मिला है। प्रयागराज से हमारा बहुत नजदीक का रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में प्रयागराज की भूमि का बहुत गरिमामयी योगदान है। विधिक क्षेत्र में इस भूमि का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है।

# प्रधानमंत्री देश भर में घूम रहे हैं, डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर क्यों नहीं दे रहे जवाब?

**कांग्रेस ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सवाल खड़े किए**

**कांग्रेस का मोदी पर तंज**

पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि कांग्रेस लगातार सवाल पूछ रही है कि पहलगाम हमले के आतंकवादी कब पकड़े जाएँगे, पुलवामा में आरडीएक्स किसने खरीदा और पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की क्या शर्तें थीं?



एजेंसी

नई दिल्ली ,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावे पर देश की राजनीति जारी है। कांग्रेस ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सवाल खड़े किए है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि डोनाल्ड भाई ने 21 दिन में 11 बार यह बात की है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर कब जवाब देंगे। खेड़ा ने कहा कि अब तक 11 बार ऐसा कहा जा चुका है। प्रधानमंत्री देश भर में घूम रहे हैं... उन्होंने एक बार भी डोनाल्ड ट्रंप के बारे में नहीं कहा। सिर्फ हमारे प्रधानमंत्री ही डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दे सकते हैं। वह जवाब नहीं दे पा रहे हैं। किस बात का दबाव है ?पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि कांग्रेस लगातार सवाल पूछ रही है कि पहलगाम हमले के आतंकवादी कब पकड़े जाएँगे, पुलवामा में आरडीएक्स किसने खरीदा और पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की क्या शर्तें थीं? उन्होंने कहा कि हम पूछे जा रहे कड़े सवालों के कड़े जवाब चाहते हैं। किसके दबाव में संघर्ष विराम किया गया? क्या पहलगाम में अपने पतियों को खोने वाली महिलाओं को न्याय मिला...इससे (ऑपरेशन सिंदूर) क्या सबक मिले और सीडीएस ने भी कहा कि इससे सबक लेना जरूरी है।

*इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, 21 दिनों में यह 11वीं बार है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पाकिस्तान के साथ युद्धविराम कैसे हुआ। प्रधानमंत्री कब बोलेंगे? रमेश ने कहा, डोनाल्ड भाई वही बात दोहराते रहते हैं कि कैसे उन्होंने चार दिवसीय भारत-पाकिस्तान युद्ध को रुकवाया, अमेरिकी हस्तक्षेप और परमाणु खतरे को रोकने के लिए व्यापार रूपी हथियार का उपयोग किया। भारत और पाकिस्तान की बराबरी की बात एक बार फिर दोहराई गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के वाणिज्य मंत्री ने 23 मई को न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय में बिलकुल यही दावे किए हैं। रमेश ने कहा कि डोनाल्ड भाई के मित्र नरेन्द्र मोदी पूरी चुप्पी के साथ उनके दावों को नजरअंदाज करते रहे हैं।*


# शासन का सही अर्थ जनसेवा : पीएम मोदी

**एमपी में बोले पीएम मोदी, भारत की विरासत की बहुत बड़ी संरक्षक थीं देवी अहिल्याबाई**

नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के शुरूआत में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई कहती थीं कि शासन का सही अर्थ लोगों की सेवा करना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। आज का कार्यक्रम उन्हीं के विचारों को आगे बढ़ाता है। आज इंदौर मेट्रो का उद्घाटन हुआ है।

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दतिया और सतना हवाई अड्डों सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा नरेंद्र मोदी ने भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के सम्मान में 'स्मारक सिक्का और टिकट' जारी किया। मोदी ने भोपाल के जम्बूरी मैदान में 'लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन' कार्यक्रम के दौरान अहिल्याबाई होल्कर को पुष्पांजलि अर्पित की। नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के शुरूआत में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई कहती थीं कि शासन का सही अर्थ लोगों की सेवा करना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। आज का कार्यक्रम उन्हीं के विचारों को आगे बढ़ाता है। आज इंदौर मेट्रो का उद्घाटन हुआ है। दतिया और सतना को भी हवाई सेवा से जोड़ा गया है। इन सभी परियोजनाओं से मध्य प्रदेश में सुविधाएं बढ़ेंगी, विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर का नाम सुनते ही मन में श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ता है। उनके महान व्यक्तित्व के बारे में बोलने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। देवी अहिल्याबाई प्रतीक हैं कि जब इच्छाशक्ति होती है, दृढ़ प्रतिज्ञा होती है



# जम्मू-कश्मीर , गुजरात समेत 6 राज्यों में मॉक ड्रिल ब्लास्ट करके रेस्क्यू किया

**राजस्थान में मॉक ड्रिल के दौरान मधुमक्खियों का हमला:झालावाड़ में कलेक्टर-एसपी जान बचाकर भागे; जयपुर के बाजार में ब्लास्ट**

**सायरन बजते ही ऑपरेशन शील्ड के तहत पाकिस्तान से सटे राज्यों में मॉक ड्रिल जारी**

करौली के गवर्नमेंट कॉलेज में शनिवार को "ऑपरेशन शील्ड" के तहत हवाई हमले की मॉक ड्रिल की गई। हवाई हमले की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, आपदा प्रबंधन दल, अग्निशमन विभाग और चिकित्सा टीम मौके पर पहुंची। मॉक ड्रिल में करीब 10-15 लोगों को घायल दिखाया गया। घायलों को पहले मौके पर प्राथमिक इलाज दिया गया। इसके बाद उन्हें करौली जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन और भीड़ प्रबंधन का अभ्यास भी किया गया। आपात सेवाओं की उपलब्धता की भी जांच की गई।

एजेंसी

नई दिल्ली , ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर में मॉक ड्रिल हो रही है। इसके लिए शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक का समय रखा गया है। इन राज्यों में पहले 29 मई को ड्रिल होने वाली थी, लेकिन स्थगित कर दी गई थी ।जम्मू-कश्मीर के जम्मू, अनंतनाग, बारामूला और अन्य जिलों में मॉक ड्रिल चल रही है। जम्मू में रात 8 बजे पूरी तरह से ब्लैकआउट रहेगा। जम्मू के अखनूर में एयर स्ट्राइक की ड्रिल की गई ।गुजरात में भी एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल जारी है। पाटण, वलसाड में सायरन बजे। पाटण तहसील ऑफिस के कमरे में आग लगी, जहां 3 लोग फंस गए। रेस्क्यू टीम ने उन्हें बाहर निकाला ।राजस्थान के जयपुर में हवाई अटैक की ड्रिल की गई। यहां अचानक ब्लास्ट होता है, हवाई फायर होता है। लोगों में भगदड़ मचती है। मौके पर तत्काल मेडिकल ऐड पहुंचाया गया और समेत दूसरी टीमों ने मोर्चा संभाला ।हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल जारी है। इसके लिए शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक का टाइम रखा गया है। ब्लैक आउट के लिए रात 8 बजे से सवा 8 बजे तक का समय रखा गया है ।22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था।



**मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट एक्सरसाइज क्या है**

मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है।

# नबी की शान में इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा ने की गुस्ताखी बंगाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

▶▶कोलकाता पुलिस ने ऑपरेशन सिंदूर पर बॉलीवुड अभिनेताओं की चुप्पी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए सांप्रदायिक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक महिला इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी

नई दिल्ली , इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को कोलकाता पुलिस ने गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है और ऑपरेशन सिंदूर पर बॉलीवुड के कलाकारों के खिलाफ उनके विवादास्पद पोस्ट के लिए 12 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शर्मिष्ठा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर चुप रहने के लिए कई बॉलीवुड सितारों की आलोचना की थी। उन्होंने कथित तौर पर उनके खिलाफ अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया था। वह पुणे की लॉ यूनिवर्सिटी में पढ़ती है और उसे शुक्रवार को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि उसे इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के लिए गिरफ्तार किया गया था।



# कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर में हुए नुकसान पर पारदर्शिता की मांग की

**सीडीएस के बयान का दिया हवाला**

एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर में भारत को हुए सैन्य नुकसान के संबंध में सरकार से पारदर्शिता की मांग जारी रखी। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बयानों का हवाला देते हुए तेलंगाना के सिंचाई मंत्री और पूर्व वायुसेना लड़ाकू पायलट उत्तर कुमार रेड्डी ने कहा कि अब समय आ गया है ।



निशाना

**सौरभ भारद्वाज ने साधा बीजेपी पर निशाना**

# दिल्ली सरकार के खिलाफ आप का प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। महिला समृद्धि योजना 2025 के मुद्दे पर भाजपा नीत दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने पर आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। दिल्ली सरकार दावा करती है कि उसकी उपलब्धियों में से एक 31 जगहों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाना है। सच ये है कि ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर नहीं है, ये दिल्ली सरकार की पुरानी डिस्पेंसरी है, जिसका उद्घाटन तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने 2017 में किया था। सिर्फ बाहर से जीर्णोद्धार किया गया है। इससे पहले 8 मार्च को केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली की महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण योजना महिला समृद्धि योजना का शुभारंभ किया था। राष्ट्रीय राजधानी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए महिला समृद्धि योजना को आज मंजूरी दी गई है। इस बीच, इससे पहले दिन में, सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने का जश्न मनाया। सीएम गुप्ता ने इस अवसर पर '100 दिन सेवा के' कार्यक्रम में भाग लिया। दिल्ली की सीएम ने अपने पूर्ववर्ती पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने आम लोगों का दावा किया था जो सत्ता के लालची हो गए, जबकि उनकी सरकार लोगों के बीच सड़कों पर काम कर रही थी।

उन्होंने कहा कि जब रामलीला मैदान से आंदोलन शुरू हुआ तो हजारों-लाखों लोग इसमें शामिल हुए, मैं भी शामिल हुआ, दूसरे लोग भी शामिल हुए...सभी ने इसका समर्थन किया, यह सोचकर कि दिल्ली और देश में कुछ बेहतर होगा। जो लोग कहते थे कि उन्हें सत्ता का लालच नहीं है, वे इतने लालची हो गए कि उन्हें सत्ता के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता...मेरा मंत्रिमंडल, हमारे विधायक, सभी जनप्रतिनिधि लगातार सड़कों पर लोगों के बीच काम करते हैं।

पीएम मोदी ने कानपुर को दी 47,664 करोड़ की सौगात, बोले- पाकिस्तान को जिस ब्रह्मोस ने सोने नहीं दिया उसका नया पता है यूपी।



आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। दिल्ली सरकार दावा करती है कि उसकी उपलब्धियों में से एक 31 जगहों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाना है। सच ये है कि ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर नहीं है, ये दिल्ली सरकार की पुरानी डिस्पेंसरी है, जिसका उद्घाटन तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने 2017 में किया था। सिर्फ बाहर से जीर्णोद्धार किया गया है।

# आप-कांग्रेस के गढ़ में खिलेगा कमल!

**लुधियाना वेस्ट उपचुनाव के लिए जीवन गुप्ता पर बीजेपी ने लगाया दांव**



भाजपा ने लगातार कार्यकर्ता बैठकों और स्थानीय लामबंदी प्रयासों के साथ गतिविधियों को तेज कर दिया। पिछले कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने जमीनी स्तर के कार्यकताओं को उत्साहित किया, जो कि चार-तरफा मुकाबले की उम्मीद है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 19 जून को लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए जीवन गुप्ता को अपना उम्मीदवार बनाने की मंजूरी दे दी है। अपने उम्मीदवार की घोषणा करने से पहले, भाजपा ने लगातार कार्यकर्ता बैठकों और स्थानीय लामबंदी प्रयासों के साथ गतिविधियों को तेज कर दिया। पिछले कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने जमीनी स्तर के कार्यकताओं को उत्साहित किया, जो कि चार-तरफा मुकाबले की उम्मीद है। पार्टी ने 2012 से लुधियाना पश्चिम विधानसभा चुनाव लड़ा है, जिसमें राजिंदर भंडारी (2012), कमल चैतली (2017) और बिक्रम सिद्धू (2022) उम्मीदवार हैं, लेकिन अभी तक निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल नहीं कर पाई है। पिछली असफलताओं के बावजूद, भाजपा के पदाधिकारी आशावादी बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि हाल के संसदीय चुनावों में लुधियाना पश्चिम में भाजपा को सबसे अधिक वोट मिले।


भाजपा उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू को 45,424 वोट मिले, जो कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग से आगे निकल गए, जिन्हें 30,889 वोट मिले, और आप के अशोक पराशर पप्पी को 22,461 वोट मिले। आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने एक दिन पहले अपना नामांकन दाखिल किया, उनके साथ आप नेता अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, आतिशी और अमन अरोड़ा के साथ एक हाई-प्रोफाइल रोड शो भी हुआ।

## सम्पादकीय

### विकसित भारत की कुंजी बनता पूर्वोत्तर, फिर से लिख रहा अपना भाग्य

प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अष्टलक्ष्मी घोषित किया है। सरकार ने बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है जिससे कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है। राइजिंग नार्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट ने इस क्षेत्र में निवेश के नए अवसर खोले हैं जिससे यह दक्षिण पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार बनने की ओर अग्रसर है। हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र देश के पूर्वी प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है, जो कभी भारतीय विकास के मानकों पर हाशिये पर था। प्राचीन कामरूप के व्यापार मार्गों से लेकर उभरते सिलिकान क्षेत्र सहित आज के सेमीकंडक्टर फैब तक, यह क्षेत्र अपना भाग्य फिर से लिख रहा है। इसीलिए हाल में राइजिंग नार्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत है और विकसित भारत के निर्माण के लिए इस क्षेत्र का विकसित होना बहुत जरूरी है।2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के तहत 30 ट्रिलियन ( लाख करोड़ ) डालर की अर्थव्यवस्था का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें पूर्वोत्तर का योगदान महत्वपूर्ण होने जा रहा है। उदाहरण के रूप में आज त्रिपुरा के लगभग 10,000 टन गोल्डन क्वीन पाइनएपल ( अनानास ) की आपूर्ति अनेक देशों में की जा रही है।11 साल पहले जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी, तब से देश की प्रगति में तेजी आई और पूर्वोत्तर क्षेत्र भी उभर कर सामने आया। प्रधानमंत्री ने एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया और पूर्वोत्तर को भारत की ₹अष्टलक्ष्मी₹ घोषित किया। पदभार ग्रहण करने के पहले कुछ महीनों में ही उन्होंने पूर्वोत्तर में कार्य करना शुरू कर दिया था। फिर उन्होंने एक दशक लंबे मिशन की नींव रखी, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर को एक उपेक्षित क्षेत्र से बदलकर विकास, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय अवसरों के मामले में देशभर में अग्रणी बनाना था।पूर्वोत्तर का परिवर्तन निवेश के ऐतिहासिक स्तरों पर आधारित है। केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा 10 प्रतिशत सकल बजटीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र में 6.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि का निवेश किया गया है। केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि का निवेश किया गया है। पूर्वोत्तर राज्यों के टैक्स डेविएशन को कई गुना बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। सहायता-अनुदान लगभग दोगुना अर्थात 5.66 लाख करोड़ रुपये हो गया है।भूपेन हजारिका सेतु, बोगीबील ब्रिज या सिलचर-शिलांग फोर-लेन एक्सप्रेसवे, पहाड़ी क्षेत्रों में भारत का प्रथम हाई-स्पीड कारिडोर जैसी परियोजनाओं का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में जटिल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। मिजोरम में हाल में पूरी हुई बैराबी-सैरंगरेल लाइन आइजोल को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ती है

## आज का विचार







**मेष राशि:** आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा, नहीं तो वह परिवार के सदस्यों में आपसी वाद-विवाद करा सकती है. कार्यक्षेत्र में आपके तेज को देखकर आपके शत्रु भी हैरान रहेंगे.

**वृषभ राशि:** दिन आपके लिए खर्चों में बढ़ोतरी लेकर आएगा. आप अपने बढ़ते खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे. व्यवसाय कर रहे लोगों को उनका रुका हुआ धन मिल सकता है, जिसकी उन्हें उम्मीद भी नहीं थी, आप कार्यक्षेत्र में अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे.

**मिथुन राशि:** दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा, जो लोग किसी छोटे-मोटे व्यवसाय की शुरूआत करने की सोच रहे थे, तो वह उसमें आगे बढ़ेंगे. आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा, नहीं तो वह किसी गलत काम की ओर अग्रसर हो सकती है.

**कर्क राशि:** दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है, जो लोग किसी रोग से पीड़ित है, तो उनके कष्टों में वृद्धि हो सकती है. आपके स्वभाव का चिड़चिड़ापन आपके काम पर भी दिखेगा, जिसके कारण आपका काम करने में मन नहीं लगेगा.

**सिंह राशि:** दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है. आप अपने घरेलू मामलों पर पूरा ध्यान बनाए रखें, नहीं तो समस्या हो सकती है. यदि आप किसी यात्रा पर जाने की योजना बना रहे थे, तो वह किसी कारण टल सकती है और आपको किसी काम के लिए उधार लेना पड़ सकता है

**कन्या राशि:** दिन आपके लिए अत्यधिक मेहनत भरा रहने वाला है. यदि आप किसी नए काम की शुरूआत करने जा रहे हैं, तो उसमें माता पिता से आशीर्वाद अवश्य लेकर जाएं. प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी बाहरी व्यक्ति के कारण वाद विवाद पनप सकता है, जिसमें आपको बात संभालनी होगी.

**तुला राशि:** दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए मिलाजुला रहने वाला है. आप उनकी जिम्मेदारी बढ़ने से थोड़ा परेशान रहेंगे और आप मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रमों में भी सम्मिलित हो सकते हैं.

**वृश्चिक राशि:** दन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, क्योंकि उन्हें उनके कामों के द्वारा प्रसिद्धि मिल सकती है और वह किसी बड़े काम में भी हाथ आजमा सकते हैं. रियल स्टेट व सट्टेबाजी में धन का निवेश करने वाले लोग कल दिल खोलकर निवेश करें

**धनु राशि:** दिन आपके लिए उन्नति के नए-नए मार्ग खोलेगा और माताजी को यदि स्वास्थ्य में कुछ समस्या लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो उसमें भी आपको काफी हद तक राहत मिलती दिख रही है. आपका यदि कोई कानून संबंधित मामला कोर्ट कचहरी में चल रहा है, तो उसमें आपको खुशखबरी मिल सकती है.

**मकर राशि:** दिन आप भविष्य के लिए कुछ योजना बनाने में योजनाएं बनाने में व्यतीत करेंगे. जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलता दिख रहा है. व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन कुछ कमजोर रहने वाला है, लेकिन फिर भी वह अपने खर्च आसानी से निकाल पाएंगे.

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के जातकों के लिए कल का दिन खुशियों भरा रहना है. बिजनेस कर रहे लोग यदि किसी नए काम को बिजनेस मे जोड़ना चाहते हैं, तो वह कल कर सकते हैं. नौकरी कर रहे लोगों को कार्य क्षेत्र में योग्यता अनुसार काम मिलने से उनका मन प्रसन्न रहेगा

**मीन राशि:** दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है. आपको व्यवसाय में किसी काम से संबन्धित यात्रा पर जाना पड़ सकता है. प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से किसी बात को लेकर नाराजगी झेलनी पड़ेगी, जिससे दोनों के बीच कोई वाद-विवाद पनप सकता है. आपके मन में नकारात्मक विचारों के आने से परेशान रहेंगे. यदि परिवार में कोई समस्या लंबे समय से चल रही है, अभी आपको उसमें राहत नहीं मिलेगी.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# गढ़ी हुई छवियों से मुक्त हों स्त्री-पुरुष

**उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यदि पति की कमाई का कोई प्रमाण नहीं है और वह पत्नी पर आश्रित था तो उसे बच्चों के साथ आश्रित माना जाएगा। न्यायालय ने एक दुर्घटना मामले में पति को मुआवजा देने का आदेश दिया। यह निर्णय समाज को संदेश देता है कि पति भी पत्नी पर आश्रित हो सकता।**

पिछले दिनों हाल में उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया। यह कुछ वर्ष पहले की एक मार्ग दुर्घटना से संबंधित है। एक महिला पति और दो बच्चों के साथ बाइक पर जा रही थी। रास्ते में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां दो दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई। पति ने मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल में मुआवजे की मांग की। इसके अंतर्गत दुर्घटना के तीन साल के भीतर क्लेम डालना पड़ता है, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ती है और ट्रिब्यूनल के सामने सारे कागजात पेश करने पड़ते हैं।बाइक चलाने वाले व्यक्ति ने इसी आधार पर क्लेम मांगा, लेकिन ट्रिब्यूनल ने कहा कि चूंकि वह 40 वर्ष का सक्षम पुरुष है, इसलिए मुआवजे का हकदार नहीं। हां, बच्चे जरूर इसके हकदार हैं। बीमा कंपनी ने भी इसी आधार पर मुआवजा देने का विरोध किया। तब यह मामला हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इसी मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर पति की कमाई का कोई प्रमाण नहीं है। वह पत्नी पर ही आश्रित था तो बच्चों के साथ उसे भी आश्रित मानना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पति को 17 लाख 84 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। सुप्रीम




कोर्ट का उक्त निर्णय यही स्पष्ट करता है कि पति को भी पत्नी पर आश्रित माना जा सकता है।हमारे यहां अभी तक यही माना जाता है कि पति तो कभी पत्नी पर आश्रित हो ही नहीं सकता। साफ है कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय समाज को भी एक संदेश है। विवाह और तलाक के मामलों में यह कानून पहले से है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और महिलाओं से जुड़े कानूनी मामलों के विशेषज्ञ अरविंद जैन इसे यह कहकर स्पष्ट करते हैं कि तलाक के मामलों में धारा 125 के अंतर्गत यदि पत्नी कमाऊ है और पति उस पर आश्रित है या फिर विकलांग है तो वह गुजारा भत्ता पाने का हकदार है, क्योंकि यह धारा जेंडर न्यूट्रल है।हालांकि, तलाक के मामलों कई बार ऐसा भी होता है कि पत्नी खूब कमाती थी, लेकिन तलाक के बाद वह पति से गुजारा भत्ता मांगने लगी। ऐसे मामलों का एक बड़ा कारण समाज में यह सोच व्याप्त होना भी है कि यदि कोई पुरुष है तो उसकी आर्थिक स्थिति हमेशा ही इतनी अच्छी होगी कि वह पत्नी के सामने कभी कमजोर नहीं माना जा सकता। हमारे तमाम आख्यान, कहावतें और मुहावरे भी पुरुषों की ऐसी ही छवि बनाने में योगदान देते हैं। जैसे, अरे मर्द होकर रोते हो? क्यों महिलाओं की तरह आंसू बहाते हो? क्या पुरुषों को किसी बात का दु:ख नहीं होता और क्या वे कभी व्यथित नहीं होते? वे भी हाड़-मांस के मनुष्य हैं, रोबोट नहीं। आखिर उन्हें अपनी भावनाएं क्यों नहीं व्यक्त करनी चाहिए? कई बार तो पुरुषों को कमजोर साबित करने के लिए उन्हें चूड़ियां भेंट की जाने लगती हैं। आज भी जिन नेताओं से लोग नाराज होते हैं, उन्हें चूड़ियां भेंट करने लगते हैं कि लो इन्हें पहनकर घर में बैठ जाओ। क्या जो महिलाएं चूड़ियां पहनती हैं, वे कमजोर होती हैं। यह एक गर्हित सोच है।क्या जो स्त्रियां घरों में रहती हैं, वे कुछ नहीं करतीं? वे तो 16-18 घंटे तक काम करती हैं। वे खेतों पर मेहनत करती हैं। गांवों में पशु उ?हीं के भरोसे पलते हैं। उन्हें कभी साप्ताहिक अवकाश या और कोई छुट्टी नहीं मिलती। अब तो वे घर संभालने के साथ नौकरी कर पैसे भी कमा रही हैं। इसके बाद भी पुरुषों को लेकर रूढ़िवादी नजरिया नहीं बदला है। पुरुष माने कमाऊ, ताकतवर, कभी न डरने वाला। इसीलिए ऐसे उलाहनों की भी कमी नहीं कि अरे, बीबी के सामने हाथ फैला रहे हो, बीबी के टुकड़ों पर पलोगे, जोरू के गुलाम। ऐसे उलाहने एक गंभीर समस्या के सूचक हैं। इसी तरह सदियों से बनी हुई यह धारणा भी एक बड़ी समस्या है कि स्त्रियां घर में रहने के लिए हैं और पुरुष बाहर काम करने के लिए।यह अच्छा है कि न्यायालयों का रवैया बदल रहा है और जाली एलएलबी-2 और की एंड का जैसी फिल्में भी बन रही हैं, जिनमें घर में रहने वाले पति भी दिखाए जाते हैं। जाली एलएलबी-2 में अभिनेता अक्षय कुमार वकील हैं, लेकिन घर आकर खाना बनाते हैं। की एंड का में घर संभालने वाला पति है और नौकरी करने वाली पत्नी। पत्नी ही नहीं, पति भी घर संभाल सकता है। खाना बना सकता है। घर पर रहकर उसी तरह बच्चों की देखभाल कर सकता है, जैसे पत्नी करती है। पत्नी भी बाहर निकलकर पैसे कमा सकती है और उसकी कमाई से घर भी चल सकता है। उसके हाथ सिर्फ मेंहदी रचाने और चूड़ियां पहनने भर के लिए नहीं बने। स्त्री कमजोर या मामूली बात से मुरझाने वाली नहीं होती।वह भी कार्यस्थलों पर अपने काम को सफलतापूर्वक अंजाम दे सकती है। भारत ही नहीं, दुनिया भर में लोग महिलाओं और पुरुषों की एकतरफा छवि से परेशान रहे हैं। अब भी हैं। स्त्री और पुरुष, दोनों ने इसका दंड भोगा है। समाज की यह जकड़न जितनी जल्दी टूटेगी, उसका लाभ स्त्रियों और पुरुषों के साथ पूरे समाज एवं देश को मिलेगा। गढ़ी हुई छवियां महिलाओं, पुरुषों के साथ समाज का भी नुकसान करती हैं। भलाई इसी में है कि इन पुरानी छवियों से शीघ्र मुक्ति पाई जाए, क्योंकि यदि स्त्री आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती है तो पुरुष भी।

# युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठा पूरा विश्व

संजीव ठाकुर

वैश्विक नजरिये से देखा जाए तो पूरा विश्व आज युद्ध की ज्वाला में धधक रहा है। दो वर्षों से ज्यादा हो गए जब रूस ने यूक्रेन पर अपने विस्तारवादी मंसूबे को पूरा करने के लिए यूक्रेन पर बेवजह आक्रमण किया था और हमला यह सोचकर किया गया था की 7 दिन के भीतर यूक्रेन पर रूस कब्जा कर लेगा पर हुआ इसके ठीक उलट,1 यूक्रेन ने अमेरिका इजरायल और यूरोपीय देशों की मदद से रुस से डटकर मुकाबला किया और युद्ध आज तक चल रहा है हालांकि यह अलग बात है कि दोनों देश को भारी जान माल का नुकसान हुआ है हजारों सैनिक तथा नागरिक मारे गए एवं अरबों रूपयों की हानि हुई है। ईसी तरह फिलिस्तीन आतंकवादी संगठन हमास ने इसराइल के निर्दोष लोगों की हत्या कर इसराइल को युद्ध करने के लिए उकसाया था अब स्थिति यह है कि इसराइल हमास को समूल नष्ट करना चाहता है इसके अलावा पाकिस्तान ने अपने आतंकवादी भेज कर 22 अप्रैल को पहलगाम में 27 निर्दोष व्यक्तियों की धर्म पूछ कर निर्मम हत्या कर दी थी अब जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान में घुसकर 11 एयर बेस हवाई ठिकानों को तबाह किया है और लगभग 100 आतंकवादियों को मार गिराया और भारत का दवा है कि अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है जरूरत पड़ने पर इसे विस्तारित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूरा विश्व पहलगाम के इस आतंकवादियों के खतरनाक हमले के विरुद्ध भारत के साथ खड़ा है और पाकिस्तान के साथ केवल चीन तथा तुरकिये ही खड़ा है। वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान एक आतंकवादी देश स्थापित हो चुका है और भविष्य में उसके अस्तित्व को संकट आ गया है।

कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में धार्मिक आतंकवाद और औपनिवेशिक विस्तारवाद की लालसा



के चलते पूरा विश्व आतंकवाद एवं युद्ध की ज्वाला में धधक रहा है। युद्ध का भयानक स्वरूप रूस यूक्रेन युद्ध में सामने आया उसके पश्चात इसराइल और हमास के मध्य युद्ध ने भी अपना रौद्र रूप दिखाया है। ईरान के इशारे और उकसाने पर हमास ने पूरी तैयारी के साथ इसराइल के कई शहरों पर शनिवार की सुबह-सुबह 5000 रॉकेट से हमला बोलकर लगभग 700 नागरिकों और सैन्य तथा पुलिस के अधिकारियों सहित हत्या कर दी है साथ ही लगभग ढाई हजार लोग जख्मी भी हुए हैं। हमास द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उसने 50 इजरायली सैन्य अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया है। इधर इसराइल ने भी दावा किया है कि उसने जवाबी हमले में लगभग 500 उग्रवादियों को मार गिराया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार हमास ने जो इजरायली लोगों को बंधक बनाया है उनके बदले वह अपने उन आतंकवादियों की रिहाई करवाना चाहता है जो इजरायल के कब्जे में है।हमास के लिए यह आक्रमण उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है।हमास के इस भयानक हमले से इसराइल के नागरिक गहरे सदमे में है वह इसी तरह सदमे में है जैसे 9/11 के सदमे में अमेरिकी सहम गए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री पर पहले से दबाव था कि हमास के विरुद्ध हमला कर उसे पर आक्रमण करें पर पर इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू इस आक्रमण से बचते रहे हैं पर अब हमास के इसराइल पर अमानवीय हमले के खिलाफ इसराइल के लोग भरपूर जवाब देने की मानसिक स्थिति में पहुंच चुके हैं। इसराइल ने दावा किया है कि इस बार जो हमास के विरुद्ध युद्ध होगा वह दुश्मनों ने कभी सोचा और देखा नहीं होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन के इजरायली संस्थान एवं शोधकर्ता मार्क हीलर के अनुसार इस बार इसराइली नागरिकों पर बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर हुआ है उसे देखते हुए इसराइल बदला लेने के लिए कोई भी कीमत चुका सकता है। न्यू यॉर्क टाइम्स के हवाले बताया गया कि अरब युद्ध से भी इस युद्ध की कई समानताएं हैं वर्ष 1973 में मिश्र, सीरिया की तरह इस युद्ध में हमास का लक्ष्य निश्चित रूप से रणनीतिक उद्देश्यों को लेकर है जो इसराइल को मारने अपंग करने से कहीं बढ़कर है। हमास इजरायली लोगों पर जितने भयानक हमले कर रहा है इसका स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इजरायली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है। हमास के इस हमले से इसराइल और सऊदी अरब के बीच हुए शांति समझौते को खंडित कर देगी। इस युद्ध से न केवल यहूदी राज्य के प्रति मुस्लिम विरोध भड़केगा बल्कि इसराइल को भी हमास तथा फिलिस्तीन अन्य संगठनों को खत्म करने की चाहत बढ़ जाएगी। इजराइल का विश्व स्तरीय खुफिया संगठन मोसाद की असफलता के कारण हमास ने इतना बड़ा हमला किया है अब इजरायल के विचार हमास को दंडित करने की नहीं है बल्कि उसकी समूल नष्ट करने का है और इसी के परिणाम स्वरुप इसराइल ने गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं और लगभग 500 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है वहां की कई इमारतें को नष्ट कर दिया है। पूरी की पूरी गाजा पट्टी फिलिस्तीन लोगों के कब्जे में है और इन उग्रवादियों का केंद्र भी है इसीलिए इजराइल का पूरा ध्यान इस गाजा पट्टी पर ही है। उल्लेखनीय है कि इसराइल के इस संकट के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस ,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा ने अपना पूरा समर्थन इसराइल को दिया है और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन तुरंत आर्थिक मदद की भी घोषणा कर दी है।इसराइल के पास हमास के हमले से रक्षा करने के लिए आयरन डॉम रक्षात्मक प्रणाली थी जो हवा से हवा में मार करने वाला एयर डिफेंस सिस्टम है जो हमास पर हमले और उसको भयानक नुकसान करने वाला सिस्टम है।अब इस रक्षात्मक आयरन डोम के असफल होने से फिलिस्तीन उग्रवादी हमास संगठन इतना बड़ा हमला कर पाया।इजराइल का उदय 1948 को हुआ था पर आज तक सऊदी अरब ने इसे मान्यता नहीं दी है अमेरिका यह चाहता है कि इसराइल और सऊदी अरब तथा अन्य मुस्लिम एशियाई देशों से इजरायल के संबंध सामान्य हो और यह देश इजराइल को मान्यता प्रदान करें। पर अब इजरायली और फिलिस्तीन आपसी युद्ध के कारण अमेरिका का प्रयास असफल होता प्रतीत हो रहा है। न्यूयॉर्क और एजेंसी के अनुसार 2006 की तरह हिजबुल आतंकवादी संगठन उत्तरी इजराइल में युद्ध का नया मोर्चा खोल सकता है कि हिजबुल आतंकवादी संगठन को इसराइल के कट्टर दुश्मन ईरान का पूरा समर्थन एवं सहयोग प्राप्त है और ईरान ही हिजबुल और हमास को इसराइल के विरुद्ध पूरी पूरी खुफिया जानकारी तथा हथियार की मदद करता आया है।

# देश में खाद्यान्न की बबार्दी की समस्या से निपटने की आवश्यकता

विजय गर्ग

भारतीय संस्कृति में भोजन को देवता माना जाता है और इसे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। यही कारण है कि भोजन का अपमान करना, उसे फेंकना या बिना खाए छोड़ देना सभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से एक बड़ा पाप माना जाता है। लेकिन आज के समय में जब आधुनिकता की अंधी दौड़ हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से दूर ले जा रही है, हम धीरे-धीरे इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान को भूलते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि आज होटलों, रेस्तरां और शादियों जैसे आयोजनों में प्रतिदिन सैकड़ों टन भोजन बर्बाद हो रहा है।यह केवल भारत का ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व का सत्य बन गया है। जबकि अरबों लोग भूख और कुपोषण से पीड़ित हैं, हर दिन लाखों टन भोजन बर्बाद हो जाता है। हर वर्ष विश्वभर में उत्पादित भोजन का एक तिहाई या लगभग 1.4 बिलियन टन भोजन बर्बाद हो जाता है। यह अपशिष्ट इतना अधिक है कि इससे लगभग दो अरब लोगों की खाद्य आवश्यकताएं पूरी की जा सकती हैं। भारत में भी यह समस्या बहुत गंभीर है। विवाह तथा अन्य समारोहों में भोजन की बबार्दी का स्तर इतना अधिक होता है कि लगभग 40 प्रतिशत भोजन की बबार्दी विवाह स्थलों के पास कूड़े के ढेरों में पाई जाती है।यह स्थिति न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी बहुत चिंताजनक है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार, वितरण प्रणाली में खामियों के कारण भारत में हर साल 230 मिलियन टन दालें, 120 मिलियन टन फल और 210 मिलियन टन सब्जियां बर्बाद हो जाती हैं। इसके अलावा, विश्व खाद्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल 70,000 करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद हो जाता है, जो देश के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत है। भोजन की यह बबार्दी न केवल हमारी वित्तीय स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि हमारे प्राकृतिक संसाधनों पर भी भारी दबाव डालती है।हमारे देश में पानी की भारी कमी है, जबकि खाद्यान्न उत्पादन में हर साल 350 क्यूबिक मीटर पानी बर्बाद हो रहा है। हमारे देश में भूख और कुपोषण एक गंभीर समस्या है, विशेषकर उन लाखों परिवारों के लिए जिनकी आय अस्थायी श्रम पर निर्भर करती है। भारतीय समाज में बड़ी संख्या में लोग कूड़ा उठाकर या भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते हैं। देश के 60 प्रतिशत से अधिक परिवारों की आय का मुख्य स्त्रोत अस्थाई मजदूरी है तथा गांवों में रहने वाले लगभग 40 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 10,000 रुपये से कम है। ऐसे में चिंता की बात यह है कि एक तरफ जहां लाखों लोग भूख से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर, हमारे देश में खाद्यान्न की बड़े पैमाने पर बबार्दी होती है। भारत में हर साल बर्बाद होने वाले गेहूं की मात्रा ऑस्ट्रेलिया के कुल गेहूं उत्पादन के बराबर है। नष्ट हुए गेहूं का मूल्य लगभग 50,000 करोड़ रुपये आंका गया है, जिससे लगभग 30 करोड़ लोगों को पूरे वर्ष भोजन उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, हमारा 50 मिलियन टन खाद्यान्न केवल इसलिए बर्बाद हो जाता है क्योंकि हमारे पास इसे संभालने के लिए पर्याप्त भंडारण सुविधाएं नहीं हैं। इससे हमारी भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला की कमियों पर प्रकाश पड़ता है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है। भारत में शादियों, समारोहों और त्यौहारों के दौरान भोजन की बबार्दी एक आम दृश्य बन गया है।इन अवसरों पर बहुत सारा भोजन बर्बाद हो जाता है, जो हमारी संस्कृति के विरुद्ध है। हालाँकि, भारत सरकार इस विनाश को रोकने के लिए चिंतित है और इसके लिए कई योजनाएँ लागू कर रही है।

# 'होटल में बम है, 10 मिनट में होगा धमाका'

## मुंबई के ग्रैंड हयात होटल को मिली उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई के ग्रैंड हयात होटल को शुक्रवार देर रात एक धमकी भरा कॉल आया। इसमें होटल में बम होने और 10 मिनट में विस्फोट की बात कही गई। इस सूचना के बाद होटल प्रबंधन ने तुरंत वाकोला पुलिस को सूचित किया। मुंबई पुलिस का बम निरोधक दस्ता और स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और होटल की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।होटल प्रबंधन और कर्मचारियों में हड़कंपपुलिस के अनुसार, अज्ञात शख्स ने कस्टमर केयर नंबर पर कॉल कर धमकी दी थी कि होटल में बम रखा गया है और अगले 10 मिनट में विस्फोट होगा। इस कॉल ने होटल प्रबंधन और कर्मचारियों में हड़कंप मचा दिया, तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और वाकोला पुलिस की टीम ने होटल के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। कई घंटों की तलाशी के बाद पुलिस ने पुष्टि की कि धमकी झूठी थी और कोई खतरा नहीं है।धमकी भरा कॉल कहां से आया?वाकोला पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है।प्रारंभिक जांच में पता चला कि धमकी भरा कॉल जर्मनी के एक नंबर से आया था। पुलिस अब इस नंबर की जांच कर रही है और कॉलर की पहचान करने के लिए तकनीकी सहायता ले रही है।मामले को गंभीरता से लियामुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। कॉलर की तलाश के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। तकनीकी जांच के

# 'महाराष्ट्र सरकार को कोर्ट ने दिया बड़ा झटका', आदित्य ठाकरे का दावा

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के विधायक आदित्य ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि गौमुख सुरंग की टेंडर प्रक्रिया में बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सरकार को बड़ा झटका दिया है। आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया है कि इस टेंडर में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के विधायक आदित्य ठाकरे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने गौमुख टनल की टेंडर प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर गंभीर आरोप लगाए। आदित्य ठाकरे ने कहा कि कोर्ट ने इस सरकार को बहुत बड़ा झटका दिया है। यह झटका किसी और ने नहीं बल्कि सरकार ने ही महसूस किया है। क्योंकि जो जेबें वे भर रहे थे, वे अब कट गई हैं। मैं कोर्ट को तहे दिल से बधाई देता हूं। साथ ही एलएनटी कंपनी को भी बधाई देता हूं जो कोर्ट गई, उन्होंने भी कोर्ट जाने की हिम्मत की। क्योंकि ठेकेदार लड़ने की हिम्मत नहीं करता। लेकिन आज हम देखते हैं कि कोर्ट के आदेश के बाद यह टेंडर रद्द कर दिया गया है।

### आदित्य ठाकरे ने क्या कहा?

आदित्य ठाकरे ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर बोलने से पहले दो दिन इंतजार करने का फैसला किया। क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि अदालती प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप हो। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल 3 अक्टूबर को उन्होंने मातोश्री में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उस समय उन्होंने इस सड़क और घोटाले के बारे में जानकारी दी थी।

### 14,000 करोड़ रुपये के टेंडर पर जल्दबाजी क्यों?

आदित्य ठाकरे ने पूछा कहा कि 14,000 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया था। गौमुख भायंदर से बोरीवली तक जो सुरंग बननी थी, उसका निर्माण एमएमआरडीए को करना था। टेंडर 13 सितंबर 2024 को जारी होना था और अंतिम तिथि 3 अक्टूबर 2024 थी। तब भी मैंने सवाल पूछा था कि चुनाव से ठीक पहले इतनी जल्दी क्या है? इस प्यारे ठेकेदार के लिए आप टेंडर के लिए सिर्फ 20 दिन दे रहे हैं। इतनी जल्दी क्या है कि चाहे एलिवेटेड रोड हो या ट्विन टनल, आपको टेंडर प्रक्रिया 20 दिन में पूरी करनी है?

### मैंने कहा था कि यह भ्रष्टाचार है-आदित्य ठाकरे

आदित्य ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में संदेह जताया कि कोई भी शॉर्ट टेंडर काम सिर्फ आपातकालीन परिस्थितियों के लिए होता है। जहां भूस्खलन हुआ हो, दीवार टूटी हो, उन कामों के लिए शॉर्ट टेंडर नोटिस होता है। लेकिन इतने बड़े काम के लिए शॉर्ट टेंडर नोटिस जारी किया गया। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी और सवाल भी पूछे थे। मैंने कहा था कि यह भ्रष्टाचार है। लेकिन एमएमआरडीए ने कहा कि यह घोटाला नहीं है, बल्कि ऐसा अक्सर होता है। लेकिन कोई व्यक्ति कोर्ट चला गया था। फिर कोर्ट में एमएमआरडीए ने कहा था कि हम यह टेंडर प्रक्रिया 20 नहीं बल्कि 60 दिनों के लिए ले रहे हैं। वहां यह साबित हो गया कि इसमें कुछ गड़बड़ है।

फास्ट ट्रैक

# पंजाब मेल सेवा के गौरवपूर्ण 114वें वर्ष में प्रवेश कर रही है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेल की सबसे प्राचीन ट्रेनों में से एक, प्रतिष्ठित पंजाब मेल, जो आज भी यात्रियों की सेवा में समर्पित है, 1 जून 2025 को अपने गौरवशाली 114वें वर्ष में प्रवेश करेगी।

यह ऐतिहासिक ट्रेन 113 वर्षों से निरंतर सेवा दे रही है।

यात्रा का इतिहास

पंजाब मेल ने अपनी पहली यात्रा 1 जून 1912 को बॉलार्ड पियर मोल स्टेशन (तत्कालीन ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे - GIPR का प्रमुख केंद्र) से प्रारंभ की थी।

यह ट्रेन निश्चित मेल दिवसों पर बॉम्बे से पेशावर तक चलती थी, जिसकी कुल दूरी 2,496 किमी थी और यात्रा समय लगभग 47 घंटे।

यह मार्ग इटारसी, आगरा, दिल्ली और लाहौर जैसे महत्वपूर्ण शहरों से होकर गुजरता था और पेशावर कैंटोनमेंट पर समाप्त होता था।

1914 में ट्रेन की शुरूआत और समापन स्टेशन को बॉम्बे वीटी (वर्तमान में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई) में स्थानांतरित कर दिया गया और यह दैनिक सेवा बन गई। 1541 किमी के बॉम्बे-Delhi मार्ग को यह ट्रेन 29 घंटे 30 मिनट में तय करती थी, जिसे 1920 के दशक तक घटाकर 27 घंटे 10 मिनट कर दिया गया था।

1972 में अतिरिक्त स्टॉपेज के कारण यात्रा समय पुनः 29 घंटे हो गया।

वर्तमान में, पंजाब मेल मुंबई से फिरोजपुर कैंटोनमेंट तक 1,928 किमी की दूरी को 33 घंटे 35 मिनट में तय करती है और मार्ग में 52 स्टेशन पड़ते हैं।

कोच और इंजनों का विकास

प्रारंभ में इस ट्रेन में 6 कोच थे 3 यात्री कोच (लगभग 288 यात्री क्षमता) और 3 डाक व पार्सल कोच।

1930 के दशक में तृतीय श्रेणी कोच जोड़े गए।

1945 में वातानुकूलित कोच की शुरूआत हुई।

1968 में झांसी तक डीजल इंजन लगाए गए, जिसे 1976 तक दिल्ली और आगे फिरोजपुर तक विस्तारित किया गया।

1970 के दशक के अंत में, ट्रेन को आंशिक रूप से बिजली इंजनों से चलाया जाने लगा, जिसमें इगतपुरी तक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का उपयोग होता था।

1 दिसंबर 2020 से इस ट्रेन में एलएचबी कोच लगाए गए, जिससे यात्री सुविधा और सुरक्षा दोनों में वृद्धि हुई।

वर्तमान में, यह ट्रेन पूरी तरह से बिजली इंजन द्वारा संचालित होती है, और इसका पारंपरिक रेस्टोरेंट कार अब पैंट्री कार से बदल दिया गया है।

वर्तमान स्वरूप

पंजाब मेल आज भी यात्रियों में अत्यंत लोकप्रिय है और इसकी औसत बुकिंग क्षमता 250% से अधिक है। वर्तमान कोच संरचना में शामिल हैं: 1 एसी फर्स्ट क्लास कम एसी-2 टियर कोच, 2 एसी-2 टियर कोच, 6 एसी-3 टियर कोच, 6 स्लीपर क्लास कोच, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 1 जनरेटर वैन, 1 एसएलआर (सामान्य लगेज और गार्ड वैन)

# तारों के नीचे से नहीं, गूगल मैप्स का इस्तेमाल कर 2 घंटे में एलओसी पार कर पाकिस्तान पहुंची सुनीता, जांच में बड़ा खुलासा

भारत-पाक तनाव के बीच नागपुर की रहने वाली सुनीता जमगडे महज दो घंटे में नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गई। सुनीता बर्फ से ढके पहाड़ों, घाटियों और नदियों को पार कर पाकिस्तान पहुंचीं। हालांकि पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें कुछही दूरी पर हिरासत में ले लिया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नागपुरः महाराष्ट्र के नागपुर की सुनीता जमगडे महज दो घंटे में नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गईं। सुनीता बर्फ से ढके पहाड़ों, घाटियों और नदियों को पार कर पाकिस्तान पहुंचीं। यह घटना तब हुई जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चल रहा था। सुनीता 14 मई को पाकिस्तान में पकड़ी गई। उन्होंने कहा कि वह अपने बिजनेस के सिलसिले में जुल्फिकार नाम के शख्स से मिलने गई थीं। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है। उन्हें शक है कि सुनीता का मकसद कुछ और भी हो सकता है।

### गूगल मैप पर रास्ता देख पहुंचीं पाकिस्तान

दरअसल सुनीता जमगडे नागपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसे माहौल में नियंत्रण रेखा पार की। यह घटना 14 मई को हुई। पाकिस्तानी रेंजर्स ने सुनीता को नियंत्रण रेखा पार करते हुए पकड़ा। सुनीता ने बताया कि वह गिलगिट में रहने वाले जुल्फिकार से मिलने जा रही थी। जुल्फिकार से उनका पत्थर के कारोबार में संपर्क था। सुनीता ने गूगल मैप पर रास्ता देखा। फिर वह अपने बेटे को कारगिल के पास छोड़कर अकेली ही नियंत्रण रेखा की ओर निकल पड़ीं। रास्ते में वह फिसलकर घायल भी हो गईं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आखिर में वह पाकिस्तानी सीमा में घुस गईं।

### सुनीता से सख्त पूछताछ

पाकिस्तानी रेंजर्स ने पहले तो इसे हल्के में लिया। लेकिन जब यह मामला बड़े अफसरों तक पहुंचा तो सेना ने कार्रवाई की। सुनीता की आंखों पर पट्टी बांध दी गई। उन्हें एक अनजान जगह पर ले जाया गया। उनसे कई दिनों तक पूछताछ की गई। वहीं सुनीता के वापस आने पर भारतीय एजेंसियों को पूछताछ में कोई भी संवेदनशील जानकारी साझा करने का संकेत नहीं मिला है। लेकिन सुनीता के पाकिस्तान जाने को लेकर पुलिस को अभी भी शक है।

सुनीता के बैंक खाते की जांच

सुनीता के बैंक खाते की जांच की गई। पता चला कि उन्हें कुछ भारतीयों से ऑनलाइन पैसे मिले थे। पुलिस अब इन लेन-देन की जांच कर रही है। वह यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इन लेन-देन के पीछे कोई और मकसद था। बताया जा रहा है कि सुनीता ने 2 मई को नागपुर से मानसिक इलाज के लिए कागजात बनवाए थे। वह 4 मई को अमृतसर के लिए रवाना हो गई थीं। पुलिस और खुफिया एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या सुनीता का पीओके दौरा सिर्फ बिजनेस के लिए था या इसके पीछे कोई और वजह थी? क्या इसमें कोई बड़ा रैकेट शामिल है?

# डेक्कन क्वीन सेवा के गौरवशाली 96वें वर्ष में प्रवेश कर रही है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

डेक्कन क्वीन, मध्य रेल की सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय ट्रेनों में से एक, 1 जून 2025 को अपनी सेवा के गौरवशाली 96वें वर्ष में प्रवेश करेगी। यह अपने सम्मानित यात्रियों को 95 वर्षों की सेवा पूर्ण कर चुकी होगी।मुंबई और पुणे–महाराष्ट्र की दो प्रमुख महानगरों के बीच 1 जून 1930 को आरंभ की गई यह ट्रेन, ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे (जो आगे चलकर मध्य रेल बना) के इतिहास में एक मील का पत्थर सिद्ध हुई।

यह दो प्रमुख शहरों के लिए शुरू की गई पहली डीलक्स ट्रेन थी और इसे उपयुक्त रूप से डेक्कन क्वीन या दक्खन की रानी नाम दिया गया था।

अब तक की यात्राः

डेक्कन क्वीन की शुरूआत 7 डिब्बों वाले दो रेक के साथ हुई थी, जिनमें से एक को सिल्वर रंग में स्कार्लेट बॉर्डर के साथ और दूसरे को रॉयल ब्लू रंग में गोल्ड लाइनिंग के साथ रंगा गया था।

मूल रेक के कोचों के अंडरफ्रेम इंग्लैंड में बनाए गए थे जबकि कोच बॉडी माटुंगा वर्कशॉप (जीआईपी रेलवे) में निर्मित की गई थी।

1966 में मूल रेकों को एंटी-टेलिस्कोपिक स्टील बॉडी वाले इंटीग्रल कोच फैक्टरी, पेरंबूर द्वारा निर्मित इंटीग्रल कोचों से बदल दिया गया। कोचों की संख्या 7 से बढ़ाकर 12 कर दी गई।

1995 में पुराने रेकों को नए एयर ब्रेक रेकों से बदला गया।

15 अगस्त 2021 से मुंबई-पुणे डेक्कन क्वीन में विस्टाडोम कोच जोड़ा गया, जिससे यात्रियों को पश्चिमी घाटों की सुरम्य वादियों का आनंद उठाने का सुनहरा अवसर मिला।

जून 2022 में प्रोजेक्ट उत्कृष्ट के अंतर्गत सभी पारंपरिक कोचों को एलएचबी कोचों से प्रतिस्थापित किया गया, जिनमें एलईडी लाइट्स, बायो-टॉयलेट्स, ब्रेल साइन जैसे आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।

अब यह ट्रेन 16 कोचों की नवीन संरचना के साथ चलती है, जिसमें तीन एसी चेयर कार, 9 सेकंड क्लास चेयर कार, एक विस्टाडोम कोच, एक डायनिंग कार, एक सामान्य

भारत में पहली बार

डेक्कन क्वीन ने कई क्षेत्रों में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैः

रोलर बेयरिंग वाले कोच पहली बार इस ट्रेन में शुरू किए गए।

एंड-ऑन जनरेशन कोचों को 110 वोल्ट प्रणाली वाले सेल्फ जनरेटिंग कोचों से पहली बार बदला गया।

फर्स्ट और सेकंड क्लास चेयर कार कोच पहली बार इसी ट्रेन में शुरू किए गए।

विशेषता एकमात्र ट्रेन जिसमें डायनिंग कार की सुविधा उपलब्ध है

डेक्कन क्वीन भारत की एकमात्र नियमित रूप से चलने वाली ट्रेन है जिसमें डायनिंग कार की सुविधा है। इसमें यात्रियों को टेबल सर्विस दी जाती है और इसमें माइक्रोवेव ओवन, डीप फ्रीजर और टोस्टर जैसी आधुनिक पैंट्री सुविधाएँ उपलब्ध हैं। डायनिंग कार को आरामदायक कुशन वाली कुर्सियों और कालीन से सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया है।

दक्खन की रानी दो शहरों की एक कहानी

डेक्कन क्वीन का इतिहास वास्तव में दो शहरों मुंबई और पुणे झ की एक जीवंत कहानी है। इन दोनों शहरों के नागरिक इस ट्रेन के समय पर प्रस्थान और समय पर आगमन के शानदार रिकॉर्ड से बेहद संतुष्ट हैं। पिछले 95 वर्षों में इस ट्रेन ने केवल दो शहरों के बीच आवागमन का माध्यम भर न रहकर एक ऐसी संस्था का रूप ले लिया है, जिसने पीढ़ियों से यात्रियों के साथ एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया है।

# आरपीएफ कांस्टेबल ने बचाई यात्री की जान

## मध्य रेल के आरपीएफ कांस्टेबल श्री राम नारायण सिंह ने साहसिक कार्य कर एक यात्री का जीवन बचाकर बने जीवन रक्षक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



दिनांक 30.05.2025 को ट्रेन संख्या 12201 डाउन लोकमान्य तिलक टर्मिनस झ कोच्चुवेली गरीब रथ एक्सप्रेस जैसे ही प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 से प्रस्थान कर रही थी, एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय फिसलकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खाई में गिर गया। मध्य रेल, मुंबई मंडल के आरपीएफ कांस्टेबल श्री राम नारायण सिंह, जो उस समय प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात थे, ने यात्री को गिरते हुए देखा। उन्होंने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए तुरंत दौड़कर यात्री को पकड़कर बाहर खींच लिया और एक संभावित घातक दुर्घटना से उसकी जान बचाई।घटना के बाद, यात्री अत्यंत घबराए और परेशान अवस्था में पाया गया। उसने बताया कि घर में एक पारिवारिक आपात स्थिति होने के कारण वह किसी भी तरह ट्रेन पकड़ना चाहता था, और ट्रेन छूटने के बावजूद ट्रेन पकड़ने का प्रयास कर रहा था। उसे उचित परामर्श और मार्गदर्शन देकर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की गई।

श्री राम नारायण सिंह ने सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा और मानवता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह साहसिक कार्य उन्हें सही मायनों में जीवन रक्षक बनाता है। उन्होंने अपने कार्य से यह साबित किया है कि एक समर्पित रेलकर्मी और संवेदनशील इंसान किस प्रकार दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकता है।

मध्य रेल श्री राम नारायण सिंह के इस साहसिक और अनुकरणीय कार्य की सराहना करता है। रेलवे के कई सतर्क और बहादुर कर्मचारी 24x7 यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कार्यरत हैं। रेलवे अपने यात्रियों से अपील करता है कि चलती हुई ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें क्योंकि यह जानलेवा हो सकता है।

# बॉयफ्रेंड संग होटल के रूम में थी, फायरिंग की आई आवाज, फिर फर्श पर मिली खून से लथपथ लड़की, ऐसा क्या हुआ?

महाराष्ट्र के पालघर जिले के केलवा स्थित एक रिजॉर्ट में 17 वर्षीय किशोरी अपने बॉयफ्रेंड के साथ पहुंची थी। यहां गोली लगने से उसकी मौत हो गई। आरोप है कि बॉयफ्रेंड अवैध पिस्तौल लेकर आया था, उससे गलती से गोली चली और लड़की के सीधे गले में जाकर लग गई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : पालघर से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक 17 साल की लड़की को गोली लग गई। यह लड़की अपने बॉयफ्रेंड के साथ रिजॉर्ट में आई थी। यहां पर दोनों कुछ देर रहे और थोड़ी देर बाद गोली चलने की तेज आवाज आई। कहा जा रहा है कि लड़की का बॉयफ्रेंड एक अवैध पिस्तौल लेकर आया था। लड़की इसे देख रही थी और गलती से गोली चल गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।यह घटना महाराष्ट्र के पालघर जिले के केलवा में हुई। लड़की अपने 18 साल के दोस्त के साथ एक होमस्टे में थी। लड़के के पास गैरकानूनी तरीके से बनी एक बंदूक थी।

**मध्य रेल**

**विभिन्न ब्रैकेट्स का प्रापण**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि.) सवारी व मालडिब्बा कारखाना, माटुंगा, मुंबई 400019. **निविदा संख्या**: 85255774. **विवरण**: **(1)** ड्राइंग सं. के अनुसार आंतरिक ब्रैकेट: ICF /SK3/ 32963250 = 04 संख्याएँ। **(2)** ड्राइंग सं. के अनुसार बाहरी ब्रैकेट (RH): ICF/SK3/ 32963249 = 02 संख्याएँ। **(3)** ड्राइंग सं. के अनुसार बाहरी ब्रैकेट (LH): ICF/SK3/ 32963252 = 02 संख्याएँ। [एक सेट के रूप में 08 संख्याएँ]। **मात्रा**: 150 Sets. **खोलने के लिए नियत तारीख**: 25/06/25. **निविदा मूल्य**: ₹9872352/-. मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**निविदा नोटीस संख्या: CWE/MTN/ 85255774/2025**

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है Sai/137

# दक्षिण मुंबई में शलाका सालवी, नासिक सिटी के सुनील केदार बने चीफ, बीजेपी ने महाराष्ट्र के बाकी 22 जिला अध्यक्ष किए घोषित

महाराष्ट्र में संगठनात्मक चुनावों को गति देते हुए बीजेपी ने बाकी 22 जिला अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने दक्षिण मुंबई का अध्यक्ष श्रीमती शलाका सालवी को बनाया है तो वहीं नासिक सिटी की जिम्मेदारी सुनील केदार को सौंपी है। बीजेपी ने पहली सूची में 58 नाम घोषित किए थे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में बीजेपी ने 22 जिला अध्यक्षों की दूसरी सूची जारी की है। इसमें पार्टी ने मुंबई के तीन बचे जिलों के लिए शहर प्रमुख तय कर दिए हैं। पार्टी ने उत्तर पश्चिम मुंबई का चीफ ज्ञानमूर्ती शर्मा को बनाया है। दक्षिण मध्य मुंबई की जिम्मेदारी निरज उभारे और दक्षिण मुंबई की जिम्मेदारी शलाका सालवी को सौंपी है। पार्टी ने पहली सूची में 58 नाम घोषित किए थे। अब दूसरी सूची में 22 नाम घोषित किए हैं। ऐसे में पार्टी ने राज्य के सभी जिला अध्यक्ष/शहर प्रमुख तय कर दिए हैं। बीड जिले का अध्यक्ष शंकर देशमुख को बनाया गया है। महाराष्ट्र में अभी पार्टी की कमान राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के हाथों में हैं। कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के ही प्रदेश अध्यक्ष बनने की पूरी संभावना है।पालघर-वसई विरार में कौन बना चीफ?बीजेपी ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में आने वाले पालघर और वसई विरार के अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। पालघर का अध्यक्ष भरत राजपूत को बनाया है जबकि वसई विरार की जिम्मेदारी प्रज्ञा पाटील को दी है। महाराष्ट्र में सभी जिला अध्यक्ष घोषित होने के बाद एक तरह से संगठन चुनावों का दूसरा चरण पूरा हो गया है अब सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान होने बाकी है। महाराष्ट्र में बीजेपी के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्यों अगले कुछ महीनों में निकाय चुनाव होने हैं। ऐसे में नवनियुक्त जिलाअध्यक्षों पर भी कमल खिलाने का दबाव होगा।

**पश्चिम रेलवे**

**भावनगर मण्डल**

**NON AC ICF कोचेज में शौचालयों का उन्नयन**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप–मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारख़ाना, भावनगर परा वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे की ओर से निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा सं.: BVPW-2025-26-RSP-01, कार्य का नाम:** भावनगर कारखाना अंतर्गत कार्य के अवकाश अनुसार Non AC ICF कोचेज में शौचालयों का उन्नयन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 22,48,56,716.26/– **बयाना राशि:** ₹ 12,74,300/– **निविदा दस्तावेज शुल्क:** ₹ 0.00/– **निविदा प्रस्ताव की वैधता** : 90 दिन, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : स्विकृति पत्र जारी करने की दिनांक से 12 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय और खुलने की तारीख एवं समय:** दिनांक 21/06/2025 को 10:30 बजे एवं दिनांक 21/06/2025 को 11:00 बजे, **जारीकर्ता** : उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, मुख्य कारख़ाना प्रबंधक कार्यालय, सवारी डिब्बा मरम्मत कारख़ाना, भावनगर परा, पश्चिम रेलवे, ईमेल: dycmews@bvp.railnet.gov.in **महत्वपूर्ण लेख:** निविदा केवल इलेक्ट्रॉनिक रुप से **https://www. ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी और इस ई–निविदा के खिलाफ कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस कार्यालय में प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा और खोला नहीं जाएगा।

BVP-041

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डी.आर.एम. (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेल, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों / ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। **काम का नाम**: मध्य रेल के सोलापुर मंडल के मिरज से लातूर सेक्शन में क्वाड केबल, इमरजेंसी कंट्रोल सर्किट, टीएसएस/एसपी/ एसएसपी का संचार तथा खराब केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा संख्या**: सोला-एन-टी-2025-26-07 दिनांक: 30/05/2025. **कार्य की अनुमानित लागत**: ₹4,38,53,855.07. **टेंडर फॉर्म की कीमत**: NIL. **जमा की जाने वाली धरोहर राशि**: ₹3,69,300/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: 12 महीने। **निविदा बंद होने का समय एंव दिनांक www.ireps.gov.in पर** 23/06/2025 at 15.30 Hrs. विवरण IREPS वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र / संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। मैनुअल डाक/ ई-मेल, फैक्स, हस्तनिविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। निविदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र प्राप्त करें और इसे **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें।

**डी.आर.एम.(एस एंड टी) सोलापुर**

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है Sai/SUR/50

**मध्य रेल**

**भुसावल मंडल**

**ऑक्सल बॉक्स ऐसेम्बली एवं अन्य वस्तुओं का प्रापण**

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक एसीएल, मध्य रेल** भुसावल और भारत के राष्ट्रपति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। **ई-निविदा क्र. 56255310.** जिसका **समापन दिनांक**: 30-JUNE-2025 को 11.30 बजे है। बोली लगाने वाले अपनी निविदा ऊपर दी गई तारीख तक जमा कर सकते हैं। केवल ई-बीड/ई-निविदा ही स्विकृत की जाएगी। हाथ से लिखा हुआ बीड स्विकृत नहीं किया जाएगा। **[1] टेंडर शीर्षक**: **निविदा नंबर**: 56255310. **निविदा प्रकार**: खुला/विज्ञापित। **बोली लगाने की प्रक्रिया**: एकल बोली प्रक्रिया। **निरिक्षण संस्था**: TPI. **प्रकाशन दिनांक/समय**: 30/05/2025, 11:28:19. **अनुमानित मूल्य**: ₹ 13062600/-. **अंतिम तिथी**: 30-JUNE-2025, 11:30 बजे। **ऑफर की वैधता**: 90 दिन. **मात्रा**: 15 Set. **[2] मद का विवरण**: Set of axle box assembly complete with normal roller bearing for WAG-7 electric locos as per RDSO Drg.No.SK.VL-603 (Alt.07) and conforming to RDSO Specification No. MP.0.3600-01, Rev. 01 of Nov-2020. One set consisting of 03 items 12 Nos. as under (1) Centre Axle Box with plain end cover & bearing RB-5020 = 04 Nos. (2) End Axle box with speedometer end cover & bearing RB-5020(LH&RH) =02Nos. (3) End axle box with plain end cover & bearing RB-5020=06 Nos. **[3] विशेष सूचना**: इस निविदा का संपूर्ण विवरण **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**ई-निविदा नोटीस क्र. बीएसएल/एसीएल/ 56255310**

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है Sai/BSL/06

# नासिक कुंभ पर बड़ा अपडेट, आज होगा शाही स्नान की तारीखों का ऐलान, महंत राम किशोर दास बोले- प्रयाराज जैसा हो इंतजाम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नासिकः प्रयागराज महाकुंभ के बाद अगला कुंभ महाराष्ट्र के नासिक में 2027 में होगा। नासिक कुंभ 2027 को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में एक बैठक होने वाली है।इस बैठक को लेकर अखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अखाड़ा के महंत राम किशोर दास शास्त्री महाराज का बयान आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस बैठक के लिए सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि नासिक कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ की तरह इंतजाम किए जाने चाहिए।शाही स्नान की तारीखों का होगा ऐलानअखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अखाड़ा के महंत राम किशोर दास शास्त्री महाराज ने कहा कि 1 जून को आयोजित होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री की ओर से शाही स्नान की तारीख का ऐलान किया जाएगा। इस बैठक में सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन की तरफ से इस संबंध में पत्र भेजा गया है और ऐसी हमें जानकारी मिली है। हालांकि, प्रशासन की तरफ से इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। यह भी पता चला है कि 1 तारीख को होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री समेत कई मंत्री मौजूद रहेंगे।योगी के नेतृत्व में विश्व में मिसाल बना प्रयाग कुंभउन्होंने कहा कि कुंभ मेला 12 वर्षों में एक बार आता है और यह आयोजन शानदार, स्वच्छ और सुव्यवस्थित होना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ इसका उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां करीब 45 दिनों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और स्नान किया।

**मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/25/24 दिनांक 29-मई-2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेल निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | खुलने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 36255008 | जोड़ रहित नालीदार तांबे का संपर्क तार, 107 वर्ग मिमी | 173.73 कि.मी. | 16/06/2025 |
| 42255012 A | EMU/MEMU के लिए एक्सल बॉक्स हाउसिंग (मशीनीफिनिश्ड) | 288 नग | 18/06/2025 |
| 75250001 | लचीली पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ़्लोरिंग शीट | 826 नग | 18/06/2025 |
| 75251094 | लचीली पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ़्लोरिंग शीट | 529 नग | 19/06/2025 |
| 36255007 | 65 वर्ग मि.मी. असंयोजित स्ट्रैंडेड कैडमियम-कॉपरकैटेनरी तार। | 195.57 कि.मी | 23/06/2025 |
| 43254025 | बैटरी चार्जिंग यूनिट | 36 नग | 23/06/2025 |
| 50255197 | आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/199/2010 (संशोधन 1.1) के अनुरूप इनबिल्ट करंट रेगुलेटर के साथ आस्पेक्ट ग्रीन के लिए मुख्य रंग प्रकाश सिग्नल के लिए एलईडी सिग्नल लैंप | 842 नग | 23/06/2025 |
| 43255002 | 120AH क्षमता की वाल्व विनियमित लेड एसिड बैटरी | 28 सेट | 24/06/2025 |
| 42253138 | वायवीय नियंत्रण इकाई संपूर्ण | 35 नग | 26/06/2025 |
| 75251086 ए | सजावटी थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेज़िन बॉन्डेड लैमिनेटेड शीट | 22357 नग | 26/06/2025 |
| 43244070 ए | फिक्सिंग स्क्रू किट के साथ इन्सुलेटिंग बेस | 1000 नग | 30/06/2025 |
| 50255200 | आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/199/2010 (संशोधन 1.1) के अनुरूप इनबिल्ट करंट रेगुलेटर के साथ आस्पेक्ट रेड के लिए मुख्य रंग प्रकाश संकेत हेतु एलईडी सिग्नल लैंप | 848 Nos. | 30/06/2025 |

**नोट : उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।**

**कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है Sai/140

# अहिल्याबाई होलकर जयंती पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय बागुल ने अर्पित की पुष्पांजलि



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , समाज सेवा और आदर्श प्रशासन की प्रतीक पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती जिला परिषद, ठाणे में मनाई गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय बागुल ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम में पशुपालन अधिकारी प्रभारी डॉ. कीर्ति दोईजोड़े, जिला परिषद के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी आदि उपस्थित थे। राजमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों और उनके सुसंस्कृत और न्यायपूर्ण प्रशासन को याद करते हुए सभी ने उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का संकल्प व्यक्त किया।

# पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी नर्मदा जलाभिषेक को इंदौर के होलकर संस्थान ने दिया सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , देशभर में प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार करने वाली पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती आज बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। धनगर प्रतिष्ठान और धनगर प्रतिष्ठान महिला मंडल की ओर से ठाणे के मासुंदा तालाब क्षेत्र में स्थित अहिल्यादेवी की प्रतिमा का नर्मदा जल से अभिषेक किया गया। अहिल्यादेवी के वंशज इंदौर के होलकर संस्थान के धनी राजा यशवंतराव होलकर ने देशभर में अहिल्यादेवी की प्रतिमाओं का नर्मदा जल से अभिषेक करवाने के लिए तीर्थयात्री को नर्मदा जल भेजा था ।पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर जयंती के अवसर पर देशभर में अहिल्यादेवी की प्रतिमाओं का नर्मदा तीर्थ से अभिषेक करने के लिए महेश्वर राजगादी से नर्मदा तीर्थ भेजा गया। यह तीर्थ राज्य के सांगली, पुणे, मालेगांव बारामती, पंढरपुर, चौंडी, ठाणे, औंधा नागनाथ, अंबड़ आदि स्थानों पर पहुंच चुका है। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की दिनचर्या में नर्मदा स्नान का उल्लेख है। इतिहास से इस सांस्कृतिक सूत्र को थामते हुए युवराज श्रीमंत यशवंतराव होलकर ने धनगर प्रतिष्ठान को नर्मदा तीर्थ भेजा है और इस वर्ष जयंती कुछ अलग अंदाज में मनाई गई ।प्रसिद्ध उद्यमी संदेश कवितके और श्रीमती काजल कवितके ने शनिवार सुबह ठाणे के मासुंदा तालाब पर अहिल्यादेवी की प्रतिमा का नर्मदा तीर्थ से अभिषेक किया और पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महावितरण के निदेशक मुरहरि केले, डॉ. अशोक माने, वरिष्ठ समाज नेता रमेश टोंडे, शिव सेना के उपप्रमुख राजेंद्र देसाई, वकील नानासाहेब मोटे, पंढरीनाथ चोरमले, उद्यमी सुरेश शिंगाडे, ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, सहायक आयुक्त सोपान भैक, उपायुक्त गोदापुरे, जनसंपर्क अधिकारी रोशना मंचेकर, ठाणे धनगर प्रतिष्ठान के अध्यक्ष दीपक कुरकुंडे, धनगर प्रतिष्ठान महिला मंडल की अध्यक्ष माधवी बारगीर उपस्थित थे.इस वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष महेश गुंड, सचिव तुषार धायगुड़े, कोषाध्यक्ष अनिल जारग, उपाध्यक्ष कुमार पालसे, राजेश विरकर, प्रचार प्रमुख सचिन बुधे, उप कोषाध्यक्ष सुरेश भांड, सलाहकार दिलीप कविताके, सूर्यकांत रायकर, मनोहर विरकर, प्रसाद वारे, कार्यकारी सदस्य गणेश बारगीर, अविनाश लाबड़े, राजेश वारे, दीपक जाड़े, संतोष बुधे, संतोष दगड़े, उत्तम यमगर, अंकुश उघाड़े, प्रमोद वाघमोड़े, उद्धव गावड़े, महेश पालसे, अनिकेत पडसे, आर्यन गुंड, साई बुधे, महिला मंडल की उपाध्यक्ष संगीता खटावकर, सचिव गायत्री गुंड, कोषाध्यक्ष भारती पिसे, उप सचिव सुजाता भांड, उपकोषाध्यक्ष सुषमा बुधे, सलाहकार मीना कविताके, सदस्य शीतल डफाल, वंदना वारे, अमृता बुधे, सीमा कुरकुंडे, मनीषा शेलके, रंजना यमगर, स्मिता गावड़े, शुभांगी उघाड़े, ऋचा कुलल, सुजाता बुधे और अन्य कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत की।



फास्ट ट्रैक

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

### शाहजहांपुर में मोक्षधाम के पास हुआ हादसा, घर से पैदल ही निकला था


शाहजहांपुर, एक दुखद घटना में ट्रेन की चपेट में आने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर बाजार के चिनौर गांव निवासी निखिल के रूप में हुई है। निखिल अपने घर से निकला था। मोक्षधाम के पास वह ट्रेन की चपेट में आ गया। लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी, रोजा और सदर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। क्षेत्र की जांच के बाद यह सदर बाजार इलाके का मामला निकला। पुलिस ने शव की पहचान कराई और परिजनों को सूचित किया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अभी यह पता लगाने में जुटी है कि यह आत्महत्या का मामला है या दुर्घटना का। घटना की जांच जारी है।



# टैंकर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

### एक गंभीर घायल, पुलिस ने टैंकर को किया जब्त

शाहजहांपुर , अल्हागंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बरेली-फरुर्खाबाद हाइवे पर गोरा महुआ गाँव के पास एक टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर दो लोग सवार थे, जो जलालाबाद से खरीदारी करके घर लौट रहे थे। टक्कर में 16 वर्षीय अनिल कुमार उर्फ सेंटी की मौके पर ही मौत हो गई। अनिल गोरा महुआ गांव का रहने वाला था। दूसरा युवक गौरव, जो कुलदीप का पुत्र है, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश के अनुसार, टैंकर चालक फरार है और उसकी तलाश जारी है। घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# निगोही थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

### महिला हेल्प डेस्क और रजिस्टर की जांच, बॉर्डर पर अस्थाई चौकी बनाने का प्रस्ताव

शाहजहांपुर , पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शनिवार को निगोही थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने में महिला हेल्प डेस्क, रजिस्टर और साफ-सफाई की व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां पाई गईं। पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष को इन कमियों को तुरंत दूर करने का निर्देश दिया। निगोही बॉर्डर पर स्थित थाना होने के कारण यहां विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बॉर्डर पर एक अस्थाई चौकी बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उन्होंने क्षेत्राधिकारी प्रयांक जैन और थाना अध्यक्ष के साथ बॉर्डर क्षेत्र का भी दौरा करने की योजना बनाई है।

# उल्हासनगर से बदलापुर तक कुल1541 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले ठाणे, कलवा,मुंब्रा,दीवा कल्याण, डोंबिवली,उल्हासनगर,अंबरनाथ और बदलापुर में यातायात और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी लगाने की अतिमहत्वपूर्ण परियोजना को प्रारंभ कर दिया है। इन शहरों के अंतर्गत कुल 35 पुलिस स्टेशन आते हैं। इस योजना से इन शहरों में अपराधों को नियंत्रण करने में विशेष मदद मिलेगी। उल्हासनगर से बदलापुर तक 1541 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कुछ जगहों पर कैमरे लगाए भी जा चुके हैं। शहरों के मुख्य चौराहों,मार्गों पर लगाए जा रहे है। कैमरे स्थिर,गोलाकार और गतिमान अवस्था में लगाए जा रहे हैं। मुख्य चौराहों पर एएचपीआर कैमरे भी लगाए जाएंगे। ये स्मार्ट कैमरे होते है जो उच्च कोटि की पिक्चर और विश्लेषण क्षमताओं से लैस होते है। इनका प्रयोग सुरक्षा निगरानी और यातायात प्रबंधन में विशेष प्रयोग होता है। इनकी सहायता से दूर और अंधेरे में भी वाहनों के नंबर स्पष्ट रूप से कैच कर सकेंगे। इसके साथ ही वाहनों की गति रिकॉर्ड करने वाले आर एलवीडी कैमरे भी लगाए जाएंगे। ये कैमरे सेंसर से लैस होते हैं जो कम रौशनी में उच्च गुणवत्ता वाली पिक्चर लेने में समर्थ होते है। इन कैमरों का नियंत्रण संबंधित थानों के पास रहेगा। ज्ञात रहे कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने कुछ दिन पहले टेंडर मांगे थे,विभिन्न चरणों से होते हुए यह परियोजना पास हो गई और कैमरों को लगाने का कार्य प्रारंभ भी हो गया है।

# रोड रोलर से टकराई बाइक, युवक की मौत

### रायबरेली-परशदेपुर मार्ग पर हादसा, दूसरा गंभीर रूप से घायल



रायबरेली, एक दुखद सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना भदोखर थाना क्षेत्र के जरोला के पास की है। रात करीब 10 बजे रायबरेली-परशदेपुर मार्ग पर हुई इस दुर्घटना में दो बाइक सवार सड़क किनारे खड़े रोड रोलर से टकरा गए। हादसे में मृतक की पहचान खाली साहट निवासी आकाश सोनकर के रूप में हुई है। दूसरे युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। उल्लेखनीय है कि जहां दुर्घटना हुई, वहां सड़क की मरम्मत का काम चल रहा था। इस दौरान सड़क किनारे खड़े रोड रोलर से बाइक की टक्कर हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रध्दांजली सभा में पहुंचे युवा नेता प्रिंस तिवारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़,विश्वनाथ गंज मल्हूपुर , भाजपा नेता, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता एवं बॉयज एंड गर्ल्स स्कूल के अध्यक्ष श्री विंधेश्वरी तिवारी 'पिंटू तिवारी' के बड़े सुपुत्र श्री अभिषेक तिवारी 'प्रिंस' ने विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के जेठवारा में संतोष जी के पूज्य पिताजी के तेरहवीं में पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस दुःख की घड़ी पर अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरिओम मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री श्री अशोक मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री पवन गौतम, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी (सिराथू) श्री संतोष त्रिपाठी, श्री अविनाश तिवारी, श्री सुभाष पांडे व श्री अखिलेश जी प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# हरदोई के चोर गिरोह का शाहजहांपुर में पदार्फाश

- मकान से चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, जेवरात और मोबाइल बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने हरदोई के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने थाना आरसी मिशन क्षेत्र के चौढ़ेरा गांव में एक मकान में चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के आभूषण और मोबाइल बरामद किए हैं। पीड़ित मंगूलाल की शिकायत पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की थी। एसओजी और थाना आरसी मिशन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शाहजहांपुर-हरदोई हाइवे स्थित लालबाग चौराहे पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय, जयप्रकाश और घनश्याम के रूप में हुई है। तीनों हरदोई जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। आरोपी अजय के खिलाफ 9 और घनश्याम के खिलाफ 4 अपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# किसान की संदिग्ध हालात में मौत

### बबूल के पेड़ पर लटका मिला शव, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, कलान थाना क्षेत्र के ग्राम सथरा धर्मपुर में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कमलेश यादव (50) के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय लंकुश यादव के पुत्र थे। कमलेश रोज की तरह खाना खाकर घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों को सूचना मिली कि कलान थाना क्षेत्र के गांव पिडारा के उत्तर संपर्क मार्ग पर एक शव बबूल के पेड़ पर लटका हुआ है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान कमलेश यादव के रूप में की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कमलेश की पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका था। उनके तीन बच्चे हैं। बेटा लालू और बेटी सोनी विवाहित हैं। छोटी बेटी रूबी अविवाहित है।

# डंपर की टक्कर से टूटा बिजली का खंभा

### कार पर गिरा पोल, परिवार बाल-बाल बचा, चालक की लापरवाही से हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में कोला मोड़ पर शनिवार सुबह एक डंपर की टक्कर से बिजली का खंभा टूट गया। खंभा एक ऑल्टो कार पर गिर गया, जिसमें 5 लोग सवार थे। कार में महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल थे। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को अपने कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, डंपर चालक मौरंग उतारने के लिए गाड़ी को बैक कर रहा था। इसी दौरान डंपर की बॉडी में बिजली का खंभा फंस गया और टूटकर बदायूं जा रही ऑल्टो कार पर गिर पड़ा। हादसे में कार को नुकसान पहुंचा, लेकिन सौभाग्य से किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। पुलिस ने इस घटना को डंपर चालक की लापरवाही का नतीजा बताया है।

# पुवायां सरकारी अस्पताल में गंदगी मिली

### एसडीएम ने जताई नाराजगी, अस्पताल प्रशासन को दिए सफाई के निर्देश



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुवायां सरकारी अस्पताल में एसडीएम चित्रा निर्वाल ने शनिवार सुबह औचक निरीक्षण किया। अस्पताल पहुंची एसडीएम ने सबसे पहले इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी रजिस्टर की जांच की। एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। इनमें वार्ड, कोल्ड चैन, कंप्यूटर कक्ष शामिल थे। साथ ही आयुष्मान कार्ड से जुड़ी जानकारी भी ली। महिला विंग में उन्होंने लैब, हेल्थ एटीएम, जच्चा-बच्चा वार्ड और डिलीवरी कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई के कड़े निर्देश दिए। एसडीएम ने कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी रजिस्टर और रेबीज वैक्सीन का रजिस्टर भी चेक किया। अंत में उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थित पानी की टंकी का निरीक्षण किया। एसडीएम ने चिकित्सा अधीक्षक नरेन्द्र पाल को इस संबंध में रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर रैली

### पालिकाध्यक्ष ने नए पार्क का नाम अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मार्गों पर रैली निकाली गई।

नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने आवास विकास कॉलोनी में स्थित नए उद्यान का नामकरण देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग आयोग के राज्य मंत्री सोहनलाल श्रीमाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. शिवजोर पाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

देवी अहिल्याबाई होलकर ट्रस्ट और भागवत पाल विचार मंच ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया।



राष्ट्रीय समाज पक्ष के जिलाध्यक्ष अनिल पाल, जयसिंह पाल, श्रीधर पाल एडवोकेट, बिरहा गायक सुनील पाल समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी का एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

### मारपीट मामले में कार्रवाई न होने से नाराज, कार्यकताओं ने थाना प्रभारी के निलंबन की मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। संगठन के पदाधिकारी रामगोपाल के पिता के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस की कार्रवाई से नाराज हैं। तिलहर थाना क्षेत्र में कुछ दबंगों ने रामगोपाल के बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट की थी। इस घटना में बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई थीं। शिकायत के बावजूद तिलहर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज की गई। लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। पदाधिकारियों का आरोप है कि थाना प्रभारी पीड़ित पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। उल्टे रामगोपाल के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने धमकी दी है कि समझौता नहीं किया तो गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर देंगे।



प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो हाईवे जाम किया जाएगा। एसपी ने पदाधिकारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# सीडीएस से सवाल- पाकिस्तान ने कितने भारतीय फाइटर जेट गिराए

## जनरल चौहान ब्लूमबर्ग से बोले- महत्वपूर्ण यह नहीं- विमान गिरे, जरूरी यह- क्यों गिरे

एजेंसी

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में पाकिस्तान के साथ संघर्ष में भारतीय फाइटर जेट गिरने के दावों पर बात की। उन्होंने कहा कि असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे? सीडीएस ने यह बात ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। वे यहां शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। ब्लूमबर्ग का सवालः क्या पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारतीय जेट गिराए? क्या आप इसकी पुष्टि कर सकते हैं। सीडीएस चौहान का जवाबः असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे और हमने उनसे क्या सीखा। भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर एक बार फिर प्रभावी तरीके से जवाब दिया। ब्लूमबर्ग का सवालः पाकिस्तान ने दावा



किया था कि उसने 6 भारतीय जेट गिराए, क्या ये सही है? सीडीएस चौहान का जवाबः बिल्कुल गलत है। गिनती मायने नहीं रखती, बल्कि यह मायने रखता है कि हमने क्या सीखा और कैसे सुधार किया। इस संघर्ष में कभी भी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नौबत नहीं आई, जो कि एक राहत की बात है।इससे पहले 12 मई को एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती से पूछा गया था कि क्या ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल पाकिस्तान में क्रैश हुआ या मार गिराया गया? पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था।7 मई को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद में दावा किया था कि हमने भारत के हमले के जवाब में कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। पांच विमानों में 3 राफेल थे। बाद में पाकिस्तान 6 भारतीय विमान गिराने का दावा करने लगा था। कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल से सीडीएस अनिल चौहान का इंटरव्यू क्लिप शेयर करते हुए लिखा- इस बयान में यह माना गया कि हमें फाइटर जेट का नुकसान हुआ है। फिर मोदी सरकार इस बात को क्यों छिपा रही है? सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में 'भविष्य के युद्ध' विषय पर अपनी बात रखी। पाकिस्तान के साथ संबंधों को लेकर कहा, 'अब भारत बिना किसी रणनीति के कोई काम नहीं करता है।

पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक संबंध कायम रखने का दौर खत्म हो चुका है।' सीडीएस चौहान ने याद दिलाया कि कैसे पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण में पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को न्योता भेजा था। उन्होंने कहा कि ताली बजाने के लिए दोनों हाथ चाहिए होते हैं, लेकिन अगर बदले में सिर्फ दुश्मनी ही मिले तो दूरी बनाए रखना एक समझदारी भरा फैसला है। उन्होंने कहा, 'जब भारत को आजादी मिली थी, तब पाकिस्तान सामाजिक विकास, जीडीपी या फिर प्रति व्यक्ति आय जैसे कई मामलों में भारत से आगे था। अब स्थिति बदल गई है। अब भारत, पाकिस्तान से हर मोर्चे पर आगे है। यह बदलाव किसी संयोग की वजह से नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का नतीजा है।'

# पाकिस्तान-तालिबान में सीमा विवाद को लेकर भिड़ंत

## ढाई लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश; पाक का चेकपोस्ट उड़ाया

एजेंसी

काबुल/ इस्लामाबाद, अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं। हालिया विवाद तब शुरू हुआ, जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की। इसे पाकिस्तानी बलों ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में, तालिबान ने पाकिस्तान के चेकपोस्ट पर हमला बोला। मोर्टार



दागने से चेकपोस्ट ध्वस्त हो गया। इस बढ़ते संघर्ष के चलते चगई जिले के ढाई लाख से ज्यादा लोगों को पाक की शहबाज सरकार ने तत्काल घर छोड़ने का आदेश दिया है। तालिबान ने भी अपने नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहा है। इस स्थिति ने पहले से ही बिगड़े पाक-अफगान रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है। बहराम चह चेकपोस्ट डूरंड लाइन पर स्थित है। यह नशीले पदार्थों की तस्करी, हथियारों की आवाजाही और विद्रोही गतिविधियों के लिए एक अहम गलियारा माना जाता है। इसके अलावा यह चगई और हेलमंद के बीच सैन्य गतिविधियों को भी नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी सेना के लिए इसका नष्ट होना संकट पैदा कर सकता है। अफगानिस्तान और तालिबान दोनों ने अब सैन्य तैयारियों को तेज कर दिया है। तालिबान ने कंधार की 205वीं कोर को तैनात किया है, जिसमें 50 आत्मघाती हमलावरों का दस्ता भी शामिल है। ये दस्ते पाकिस्तानी बलों पर हमले के लिए तैयार हैं, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई है। पाकिस्तान ने भी तालिबान के टक्कर देने के लिए अपनी सीमा पर फ्रंटियर कोर बलूचिस्तान को मजबूत किया और टैंक तैनात किए हैं। आम लोग डर के साए में जी रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पाकिस्तानी सेना का सीमा छोड़कर पीछे हटना है। पाकिस्तान प्रशासन ने स्कूल, कॉलेज और अन्य सार्वजनिक स्थानों को बंद कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है। स्थानीय अपनी सुरक्षा के लिए बम शेल्टर की तलाश कर रहे हैं। यह स्थिति 2023 के डेरा इस्माइल खान आत्मघाती हमले की पुनरावृत्ति जैसी लग रही है, जब तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने सेना को निशाना बनाया था। तालिबान से भिड़ंत के बाद पाक सेना अपनी चार चौकियां छोड़कर भाग खड़ी हुई है। इनमें तीन चौकियां बहराम चह के आसपास स्थित हैं। यहां मोर्टार हमलों के बाद पाक सेना पीछे हटी है। वहीं गोंशोरो पास चेकपोस्ट को भी पाक सेना छोड़कर कर पीछे हट गई है।

# अमेरिका बोला-एशिया का संतुलन बिगाड़ने की तैयारी कर रहा चीन

## ताइवान पर 2027 तक हमला कर सकता है, इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

एजेंसी

सिंगापुर, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अगर चीन ने जबरदस्ती ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश की, तो इसका असर इंडो-पैसेफिक क्षेत्र और पूरी दुनिया पर पर बहुत बुरा होगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हेगसेथ ने सिंगापुर में चल रही शांगरी-ला डायलॉग में कहा कि चीन एशिया में ताकत का संतुलन बिगाड़ने की तैयारी कर रहा है। रक्षा मंत्री ने चीन पर साइबर हमलों, अपने पड़ोसियों को डराने और दक्षिण चीन सागर में अवैध कब्जा करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। हेगसेथ ने ये भी कहा कि चीन लगातार ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास कर रहा है, जो किसी बड़े हमले की तैयारी लगती है। हेगसेथ ने कहा कि चीन का खतरा असली है और ये कभी भी सामने आ सकता है। उन्होंने दावा किया कि चीन का मकसद 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने का है। अमेरिका और उसके सहयोगी देश चीन की आक्रामकता का मिलकर मुकाबला करेंगे। इस साल होने वाले शांगरी-लॉ डायलॉग का उद्घाटन फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने किया। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका अपने इंडो-पैसेफिक सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है और उनकी मदद से अमेरिका इस क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान दे सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की



सुरक्षा और खुशहाली एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि ट्रम्प यूरोप के देशों को अपनी सुरक्षा के लिए ज्यादा जिम्मेदारी लेने को कह रहे हैं, जिससे अमेरिका इंडो-पैसेफिक पर ज्यादा संसाधन लगा सके। इससे अमेरिका की मजबूत मौजूदगी से सभी को फायदा मिलेगा, लेकिन ये तभी होगा जब सभी सहयोगी देश भी मजबूत होंगे। उन्होंने ये भी याद दिलाया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में चीन ने ताइवान पर हमला नहीं किया, और ट्रम्प का मकसद भी यही है कि युद्ध न हो। इस साल होने वाले शांगरी-लॉ डायलॉग का उद्घाटन फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने किया। यह पहला मौका है जब किसी यूरोपीय नेता को ऐसा अवसर मिला है। शांगरी-लॉ डायलॉग का उद्घाटन पर अपने भाषण में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने यूरोप और एशिया के देशों से अपील की कि वे उन ताकतों के खिलाफ एकजुट हों जो जबरदस्ती और दबाव के जरिए अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहती हैं। उन्होंने चीन और रूस का नाम तो नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा साफ था। मैक्रों ने कहा कि कुछ देश दुनिया में ऐसे इलाके बनाना चाहते हैं जहां सिर्फ उन्हीं का दबदबा हो। वे समुद्र, द्वीपों और संसाधनों पर कब्जा करना चाहते हैं और दूसरों को बाहर कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ये देश यूरोप के आस-पास से लेकर दक्षिण चीन सागर तक अपना प्रभाव फैलाना चाहते हैं। मैक्रों ने चेतावनी दी कि अगर रूस को यूक्रेन पर हमला करके उसका हिस्सा हथियाने दिया गया, तो फिर ताइवान या फिलीपींस में ऐसा ही कुछ होने से कोई नहीं रोक पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन की जंग को दूर की बात समझना गलत होगा, क्योंकि अगर आज दुनिया रूस को नहीं रोक पाई, तो कल और देश भी यही करने की हिम्मत जुटा लेंगे।

# 13 साल के भारतीय-अमेरिकी फैजान ने जीती स्पेल बी प्रतियोगिता

## भारतीय मूल का दबदबा बरकरार, लगातार चौथी बार बने चैम्पियन

एजेंसी

न्यूयॉर्क, अमेरिका की सबसे कठिन मानी जाने वाली प्रतियोगिता स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब 13 साल के भारतीय-अमेरिकी छात्र फैजान जकी ने जीत लिया है। एक्लेयरसिसमेंट एक फ्रांसीसी शब्द है जिसका मतलब है, किसी चीज को स्पष्ट करना या समझ में लाना। पिछले साल फैजान इस प्रतियोगिता में दूसरे नंबर पर रहे थे। तब वह टाईब्रेकर में ब्रुहत सोमा से हार गए थे। फैजान 5वें ऐसे प्रतिभागी हैं, जिन्होंने रनर-अप रहने के अगले साल खिताब जीता। 2001 में




सीन कॉनले के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। स्पेलिंग बी में प्राइमरी और सेंकेंडरी स्कूलों के छात्र हिस्सा लेते हैं। यह शब्दों के सही स्पेलिंग बताने से जुड़ी प्रतियोगिता है। जीत के बाद मिले 45 लाख रुपए फैजान को इनाम के तौर पर 52,500 डॉलर ( करीब 45 लाख रु.) मिले हैं। पिछले साल उन्होंने 25,000 डॉलर (21.29 लाख रुपए) जीते थे, जिससे अब उनकी कुल इनामी राशि 77,500 डॉलर (66.31 लाख रुपए) हो गई है। आखिर में मुकाबला तीन लोगों के बीच था- फैजान, 11 साल के सर्व धरावने और 14 साल की सर्वदन्या कदम। एक और राउंड के बाद सिर्फ फैजान और सर्वदन्या बचे। इसके बाद फैजान ने एक्लेयरसिसमेंट शब्द की सही स्पेलिंग बताई और जीत गए। उन्होंने जैसे ही सही स्पेलिंग बोली, खुशी से अपनी मुट्ठियां पीटीं और मंच पर गिर पड़े। फैजान ने इस बार 21 राउंड तक लगातार सही स्पेल किया और जीत हासिल की।

# नेपाल में बारिश से बिहार की 3 नदियां उफान पर

## असम में लैंडस्लाइड से 5, अरुणाचल में 9 की मौत; मिजोरम-सिक्किम में कई घर ढहे




**पिछला रिकॉर्ड 1990 का था, तब 110.7 मिमी बारिश हुई थी। सामान्य रूप से मई में औसतन 61.4 मिमी बारिश होती है। राजस्थानः 7 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट; बाड़मेर में 6 साल का रिकॉर्ड टूटा मौसम केंद्र जयपुर ने 31 मई को 7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।**

एजेंसी

नई दिल्ली , नेपाल में बारिश से बिहार के किशनगंज जिले की नदियां उफान पर हैं। कनकई, बूढ़ी कनकई और मेची नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी के किनारे बसे निचले इलाकों में घुस गया है। इससे मक्का और सब्जी की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। मानसून नॉर्थ ईस्ट राज्यों में पहुंच चुका है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। असम में पिछले 24 घंटों में कामरूप जिले में लैंडस्लाइड के चलते 5 लोगों की मौत हो गई। बाढ़ से 10 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। अरुणाचल में अचानक आई बाढ़-लैंडस्लाइड से 9 लोगों की मौत हुई है। पूर्वी कामेंग जिले में ठल-13 के बाना-सेप्पा सेक्शन पर शुक्रवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें दो परिवारों के 7 लोगों की मौत हो गई। उनका वाहन खाई में गिरा। मिजोरम के लॉन्टलाई शहर में लैंडस्लाइड के कारण 5 घर और एक होटल ढह गया। सिक्किम में भारी बारिश के कारण थेंग और चुंगथांग इलाकों में भूस्खलन से कई घर मलबे में दब गए। हिमाचल प्रदेश में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। लोगों को एडवाइजरी जारी की गई है।

मई में बारिश का नया रिकॉर्ड

मई में मानसून की दस्तक ने बारिश का नया रिकॉर्ड बना दिया है। देश में 30 मई तक 116.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है जो मई में सबसे अधिक बारिश का रिकॉर्ड है। 1 जून को भी 17 जिलों बारिश का अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 2 जून को एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसके असर से दो दिन राजस्थान के अधिकांश जिलों में आंधी-बारिश की गतिविधियां फिर से बढ़ेगी। मध्यप्रदेशः भोपाल समेत 21 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट, ढट के कार्यक्रम के पंडाल में सीवेज सिस्टम बनाया। मध्यप्रदेश में नौतपा के सातवें दिन, शनिवार को भी तेज आंधी और बारिश का दौर रहेगा। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 21 जिलों में अलर्ट जारी किया है। इधर, शनिवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भोपाल आ रहे हैं।

# दिल्ली-महाराष्ट्र-पश्चिम बंगाल समेत 7 राज्यों में एनआईए की छापेमारी

### मनी लॉन्ड्रिंग का है शक

**जानकारी के मुताबिक, एनआईए की छापेमारी कुछ बड़े वित्तीय लेन-देन, टेरर फंडिंग और संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े मामले में की जा रही है। हालांकि, एनआईए ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, जिससे रहस्य और गहरा गया है।**

एजेंसी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) देश के पांच राज्यों में छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी आतंकी गतिविधियों से जुड़ी सूचनाओं को लेकर 5 राज्यों में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, हरियाणा समेत कुल पांच राज्यों में छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एनआईए की छापेमारी कुछ बड़े वित्तीय लेन-देन, टेरर फंडिंग और संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े मामले में की जा रही है। हालांकि, एनआईए ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं



किया है, जिससे रहस्य और गहरा गया है।

### गोरखपुर के खजनी में छापेमारी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष टीम शनिवार सुबह 4 बजे गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र के रावतदारी गांव पहुंची। एनआईए की टीम ने गांव पहुंचकर पन्ना लाल यादव के घर पर अचानक छापेमारी शुरू कर दी। एनआईए की टीम को देखकर इलाके में सनसनी फैल गई। यह गुप्त कार्रवाई इतनी चौंकाने वाली थी कि स्थानीय लोग और पड़ोसी हैरान रह गए। इस छापेमारी का राज क्या है? और एनआईए की नजर पन्ना लाल और उसके परिवार पर क्यों पड़ी?

### जिम संचालक पर छापेमारी

गोरखपुर के अलावा एनआईए की टीम शनिवार सुबह 5 बजे हरियाणा के जींद जिले में पहुंची और सेक्टर 8 स्थित जिम संचालक कशिश के आवास पर छापेमारी की। एनआईए की टीम ने जिम संचालक के घर का मुख्य गेट बंद कर दिया और घर के सभी सदस्यों को अंदर रहने की हिदायत दी। इसके बाद कशिश से गहन पूछताछ शुरू की गई।

### एनआईए की जांच जारी

बताया जा रहा है कि जींद में यह छापेमारी एक संदिग्ध बैंक ट्रांजेक्शन से जुड़ी है, जिसमें कशिश ने अपने बैंक खाते से पैसे ऐसे खाते में ट्रांसफर किए थे, जो एनआईए की निगरानी में था। मामले में एनआईए की जांच जारी है।

### नतीजों का इंतजार

एनआईए की टीम उत्तर प्रदेश, असम, बंगाल समेत 5 राज्यों में 15 जगहों पर छापेमारी कर रही है। देखना दिलचस्प होगा कि एनआईए की इस छापेमारी में क्या सामने आता है।

# मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया

## सीडीएस अनिल चौहान की टिप्पणी के पर बोले खड़गे

**खड़गे ने एक्स पर लिखा कि सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) द्वारा दिए गए साक्षात्कार के मद्देनजर कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल हैं जो पूछे जाने चाहिए। ये सवाल तभी पूछे जा सकते हैं जब संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए। मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया है। युद्ध का कोहरा अब छंट रहा है।**



एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को घोषणा की कि कांग्रेस सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की टिप्पणी के बाद एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति द्वारा भारत की रक्षा तैयारियों की व्यापक समीक्षा की मांग करती है। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) द्वारा दिए गए साक्षात्कार के मद्देनजर कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल हैं जो पूछे जाने चाहिए। ये सवाल तभी पूछे जा सकते हैं जब संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए। मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया है। युद्ध का कोहरा अब छंट रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे लिखा कि हमारे वायुसेना के पायलट दुश्मन से लड़ते हुए अपनी जान जोखिम में डाल रहे थे। हमें कुछ नुकसान हुआ है, लेकिन हमारे पायलट सुरक्षित हैं। सीडीएस के साक्षात्कार के अनुसार, ₹हमने इसे बनाया, इसे ठीक किया, इसे सुधारा और फिर दो दिनों के बाद इसे फिर से लागू किया और अपने सभी जेट विमानों को फिर से उड़ाया, लंबी दूरी पर निशाना साधा₹। हम उनके दृढ़ साहस और बहादुरी को सलाम करते हैं। हालाँकि, एक व्यापक रणनीतिक समीक्षा समय की माँग है। कांग्रेस पार्टी कारगिल समीक्षा समिति की तर्ज पर एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति द्वारा हमारी रक्षा तैयारियों की व्यापक समीक्षा की मांग करती है।

# देश में कोरोना से 20 की मौत, 3207 एक्टिव केस

**महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने 31 मई को दिल्ली, गुजरात, पंजाब और तमिलनाडु में भी एक-एक मौत की पुष्टि की।**

## कर्नाटक सरकार का आदेश- बच्चों को सर्दी-खांसी या बुखार हो तो स्कूल न भेजें

एजेंसी

देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3207 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 फीसदी एक्टिव केस इन्हीं दो राज्यों में हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इस बीच कर्नाटक सरकार ने राज्य में बढ़ते



कोरोना केसों को देखते हुए नया सर्कुलर जारी किया है। इसमें माता-पिता से अपील की है कि अगर बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार या कोविड जैसे लक्षण हों तो उन्हें स्कूल न भेजें। मिजोरम में 7 महीने बाद कोविड का पहला केस मिला मिजोरम में 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, उस दौरान राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के इंटीग्रेटेड रोग निगरानी कार्यक्रम ने लोगों से न घबराने की बात कही है। लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने, नियमित रूप से हाथ धोने, हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाने की सलाह दी है। महाराष्ट्र में 9 हजार से ज्यादा कोविड टेस्ट महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शुक्रवार को कोविड के 84 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 681 केस मिले हैं। जनवरी से अब तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को कोविड-19 के दो मामले सामने आए थे।

## संक्षेप

### जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुरू

**सुलतानपुर के पंत स्टेडियम में खिलाड़ियों को अनुशासन और समर्पण का संदेश**

सुलतानपुर, पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया टेबल टेनिस प्रशिक्षण हॉल में जनपदीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता की अगुआई संघ के सचिव मोहम्मद सईद ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य नंदन चतुर्वेदी और विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. प्रवीण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कई प्रमुख खेल अधिकारी मौजूद रहे। इनमें राष्ट्रीय चयनकर्ता एवं मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी शामिल थे। जिला ओलंपिक संघ सचिव पंकज दुबे और उप सचिव दीपक श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। वॉलीबाल संघ के कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र मिश्रा और अंतरराष्ट्रीय अम्पायर अरिफ नियाज ने भी शिरकत की। खेलो इंडिया कोच शमा बानो, अनुपम शुक्ला, प्रमोद सिंह यादव, अमीना बानो, हैंडबॉल कोच प्रवीण मिश्रा और एथलेटिक्स कोच आशा भी मौजूद रहीं।

### कोर्ट के स्थगन आदेश की अवहेलना

**सुल्तानपुर में विवादित भूमि पर जारी अवैध निर्माण, पीड़ित बोला–नहीं सुन रहे अधिकारी**

सुलतानपुर, लंभुआ तहसील में स्थित जखनीकला गांव में एक विवादित भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। गाटा संख्या 438 पर हो रहे निर्माण को लेकर भूमि के सह-स्वामी देवी प्रसाद के नाती संतोष कुमार यादव ने तहसीलदार को शिकायत की। यह भूमि देवी प्रसाद और लोदी के नाम पर 0.2840 हेक्टेयर दर्ज है। संतोष कुमार ने तहसीलदार से शिकायत की, लेकिन उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। यादव का आरोप है कि जखनीकला के लेखपाल प्रशांत शुक्ला और बसावनपुर के लेखपाल चंद्रभान कनौजिया उनकी खतौनी की जमीन पर निर्माण करवा रहे हैं। न्यायालय ने इस मामले में अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि अगली सुनवाई तक विवादित भूमि पर कोई निर्माण नहीं किया जाएगा और न ही भूमि की प्रकृति बदली जाएगी।

### एक लाख रुपए लेकर निकले युवक की मौत

**केन नदी में मिला शव, बाइक पुल पर खड़ी मिली; परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

बांदा, जिले में एक युवक की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। थाना मटौंध क्षेत्र के भूरागढ़ पुल के नीचे केन नदी से कृपांशु तिवारी का शव बरामद किया गया। पुल के ऊपर उनकी बाइक लावारिस हालत में खड़ी मिली। कृपांशु देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव पल्हरी के रहने वाले थे। परिजनों के अनुसार, वह घर से करीब एक लाख रुपए लेकर निकले थे। परिवार को यह नहीं पता कि वह भूरागढ़ कैसे और कब पहुंचे।

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या, प्राइवेट-पार्ट काटा

**चचेरे भाई के सामने हत्यारों ने मारा, परिजन बोले- 24 घंटे में गिरफ्तारी हो**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज , एक युवक की चाकू से गोदकर और प्राइवेट पार्ट काटकर हत्या कर दी। हत्यारों ने युवक के चचेरे भाई को वारदात के दौरान पकड़ रखा था। चचेरा भाई चिल्लाता रहा, चीखता रहा। उसकी आंखों के सामने ही उसके भाई की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद हत्यारे मौके से भाग गए। उनके भागते ही उसने पुलिस को 112 पर फोन किया। मामला सराय ममरेज थाना क्षेत्र का है। घटना बरिया रामपुर स्टेशन से 200 मीटर की दूरी पर हुई। घटनास्थल पर परिवार वाले और ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सभी में आक्रोश का माहौल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव में शांति



व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। मृतक के माता-पिता, भाई-बहन सदमे में है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दिल्ली में नौकरी छोड़कर घर आया था शुभम मृतक की पहचान शुभम तिवारी (21) के रूप में हुई है। वह दिल्ली में प्राइवेट जॉब करता था। सैलरी कम मिलने की वजह से वह नई नौकरी के मिलने तक घर पर रुकने आया था। मृतक शुभम के पिता त्रिलोकी नाथ तिवारी (52) किसानी का काम करते हैं। मां पुष्पा तिवारी, बड़ा भाई पुष्पेंद्र तिवारी (24) टेंट का काम करता है। एक बहन है, उसकी शादी हो गई है। शुभम सबसे छोटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से मां समेत परिवार के सभी सदस्य गहरे सदमे में हैं। भाई पुष्पेंद्र ने बताया- शुभम आज सुबह चचेरे भाई पवन के साथ बरिया रामपुर स्टेशन के पास जाने की बात कर रहा था। वो दोनों सुबह 11 बजे निकले थे। घटना के समय शुभम और पवन साथ थे। पुष्पेंद्र बोला- पवन ने कांपते हुए बताया कि स्टेशन के पास 4-5 लड़के आए। उन्होंने बिना कुछ बोले हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद दो लड़के ने पवन को पकड़ लिया। उसके बाद 3 लड़के शुभम को चाकू से मारने लगे।

# अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जसरा फ्लाईओवर के पास से मिला तमंचा और कारतूस, शौक के लिए रखते थे हथियार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, थाना घूरपुर पुलिस ने देर रात को दो युवकों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जसरा फ्लाईओवर अंडरपास, गौहनिया से पकड़े गए आरोपियों के पास से .315 बोर का तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापपुर, थाना लालापुर निवासी 20 वर्षीय शिव शैलेश और ग्राम सेंधुवार, थाना घूरपुर निवासी 21 वर्षीय राम मूरत शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे तमंचा केवल शौक के लिए रखते थे। थाना प्रभारी घूरपुर के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ क्राइम नंबर 183/2025 के तहत आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब हथियार के स्रोत की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इन हथियारों का इस्तेमाल किसी अपराध में तो नहीं हुआ है।



# दहेज के लिए पत्नी की हत्या

**पति ने गला दबाकर पीटा, लखनऊ में इलाज के दौरान मौत; पिता ने दर्ज कराया मुकदमा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मोहनगंज थाना क्षेत्र में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका राम कुमारी की शादी 6 महीने पहले रामनारायण के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति का व्यवहार बदल गया। वह दहेज की मांग को लेकर पत्नी से मारपीट करने लगा। 27 मई को रामनारायण ने पत्नी का गला दबाकर बुरी तरह पीटा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और राम कुमारी को रायबरेली जिला अस्पताल ले गए। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। दो दिन तक चले इलाज के बाद राम कुमारी की मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। मृतका के पिता काशीराम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दामाद पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष मोहनगंज राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




# अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर भाजपा का आयोजन

**सुलतानपुर में कार्यकताओं ने लिया लोकमाता के मार्ग पर चलने का संकल्प**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, भारतीय जनता पार्टी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती समारोहपूर्वक मनाई। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने लोकमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि और प्रतापगढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई की सोच को आगे बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई का शासन धर्म और न्याय का प्रतीक था। उन्होंने अपने शासन में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत किया और देश के तीर्थ स्थलों का संरक्षण किया।



कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह और अन्य वक्ताओं ने बताया कि देवी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को हुआ था। वह मातृशक्ति के गौरव के लिए समर्पित रहीं और उनके लोककल्याण कार्य अद्वितीय थे। इस अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले वरुण जायसवाल को ट्रॉफी और प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री घनश्याम चौहान ने किया। कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय संयोजक सुमन सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय त्रिलोकचंदी, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, बबिता तिवारी, रेखा निषाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गला घोंटकर पत्नी की हत्या



**इलाज के दौरान तोड़ा दम, 6 महीने पहले हुई थी शादी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मोहनगंज थाना क्षेत्र के बाबा का पुरवा फूला गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान राम कुमारी के रूप में हुई है। राम कुमारी की शादी करीब 6 महीने पहले इन्हौना थाना क्षेत्र के राजा फतेहपुर गांव निवासी रामनारायण के साथ हुई थी। शादी के शुरूआती दिनों में सब ठीक था। बाद में पति का व्यवहार बदल गया और वह पत्नी को प्रताड़ित करने लगा। रामनारायण ने राम कुमारी का गला दबाया और उसे बुरी तरह पीटा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल राम कुमारी को पहले रायबरेली जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। दो दिन के इलाज के बाद राम कुमारी की मौत हो गई। मृतका के पिता काशीराम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दामाद पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

मोहनगंज इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम

**कार्यकर्ता बोले– कशमीर से कन्याकुमारी तक माता ने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भाजपा कार्यालय पर पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संत बख्श सिंह मुख्य अतिथि रहे। संत बख्श सिंह ने अपने संबोधन में अहिल्याबाई के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई न केवल एक आदर्श शासिका थीं, बल्कि एक दूरदर्शी समाज सुधारक भी थीं। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक क्षतिग्रस्त मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। काशी और अयोध्या समेत विभिन्न तीर्थ स्थलों पर उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य आज भी मौजूद हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की तुलना अहिल्याबाई के कार्यों से की गई।



तीर्थ स्थलों का विकास, सड़क निर्माण और वृक्षारोपण जैसे कार्यों के माध्यम से विकसित भारत की नींव रखने का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें अभिनव और श्रेया को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा बाजपेई समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक पर गंभीर आरोप, मीडियाकर्मी पर कराया हमला

**अलीगढ़ में फोटो जर्नलिस्ट पर हथियारबंद लोगों ने किया था हमला, एसपी से मिले मीडिया कर्मी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, पूर्व विधायक के ऊपर अपने गुर्गों के जरिए मीडिया कर्मी पर जानलेवा हमला कराने के आरोप लगे हैं। पूर्व विधायक के हथियारबंद गुर्गों ने जेएन मेडिकल कालेज में मीडिया कर्मी के साथ हाथापाई की थी और हथियार दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के बाद पीड़ित मीडिया कर्मी ने एसएसपी से मिलकर सारे मामले की शिकायत की थी। पीड़ित ने पूर्व विधायक और उसके गुर्गों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। इस घटना के बाद सभी मीडिया कर्मियों में आरोपियों के खिलाफ रोष व्याप्त है और सभी ने एसपी सिटी से मिलकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। जेएन मेडिकल कालेज में राज्यसभा रामजीलाल सुमन के साथ सपा का एक डेलीगेशन मारपीट में घायल युवकों से मिलने के लिए गया था। यहां फोटो जर्नलिस्ट मनोज अलीगढ़ी भी कवरेज के लिए गए हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां पर पूर्व विधायक वीरेश यादव के हथियारबंद बदमाशों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक के इशारे पर हथियार बंद बदमाशों ने पहले उनके साथ अभद्रता और मारपीट की और फिर छाती पर बंदूक रखते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों का कहना था कि तुम बहुत भाजपा की कवरेज करते हो। अगर दादों अतरौली क्षेत्र में दिख गए तो हत्या कर दी जाएगी। मीडिया कर्मी मनोज अलीगढ़ी की ओर से पूर्व विधायक वीरेश यादव के साथ असलाहा धारी अवधेश कुमार पुत्र श्यौप्रसाद उर्फ सोपाली, राजेश कुमार उर्फ वंसी पुत्र निवासी सिंह, अवनीश कुमार पुत्र कुमरपाल, मुलायम सिंह पुत्र कलम सिंह व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने तहरीर दी गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह उनकी कवरेज के कारण रंजिश माने हुए थे और पूर्व विधायक ने जानबूझकर अपने गुर्गों से उनके ऊपर हमला कराया।



आरोपियों ने इस दौरान उन्हें जाति सूचक शब्द भी बोले। इस दौरान एएमयू के सुरक्षा कर्मियों और मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आरोपियों से उनकी जान बचाई। घटना के अगले ही दिन पीड़ित ने एसएसपी संजीव सुमन से मिलकर सारे मामले की शिकायत की थी।

# कल्याणपुर में सफाई व्यवस्था बदहाल

**गलियों में कीचड़–गंदगी का अंबार, प्रधान से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। गांव की गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय निवासियों को रोजाना कीचड़ भरी गलियों से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में न तो गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां हैं और न ही कोई अन्य व्यवस्था है। नगर निगम द्वारा नियुक्त तीन सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति भी



अनियमित है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब गलियों में पानी भर जाता है। एक स्थानीय महिला निवासी बेवी ने बताया कि उन्हें खुद ही अपनी गली की सफाई करनी पड़ती है। स्कूली बच्चों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। रात में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान अधिकतर घर पर नहीं मिलते। मीडिया द्वारा संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रधान से संपर्क नहीं हो सका। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस मुद्दे के उजागर होने के बाद गांव में सफाई व्यवस्था में सुधार होगा।

# चोरों ने उड़ाए शादी के लिए रखे गहने

**सुल्तानपुर में छत पर सोई बहू को नहीं हुई खबर, परिवार दरवाजे पर सोता रहा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, हलियापुर थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। पूरे सुखराज मजरे डोभियारा में अज्ञात चोरों ने एक घर से शादी के लिए रखे गहने चोरी कर लिए। तेज हवा और हल्की बारिश के कारण रात 12 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रही। सवा बारह बजे बिजली आने के बाद घर के मालिक और उनका पुत्र बाहर द्वार पर सो गए। उनकी बहू छत पर सो गई। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाया। वे घर के पीछे से छत पर चढ़कर अंदर घुसे। चोरों ने घर से दो झुमकी, तीन नथिया, चार पायल, दो सिकड़ी, आठ सोने की अंगूठी, सोने के दो हार, दो मंगलसूत्र और करधन चुरा लिए। चोरी का पता सुबह करीब पौने पांच बजे तब चला, जब बहू की नींद खुली और वह नीचे आई। उसने घर का सामान बिखरा देखा और परिवार को सूचित किया।

# सपा कार्यालय में अहिल्या बाई होल्कर की जयंती

**कार्यकताओं ने लिया सामाजिक न्याय के लिए काम करने का संकल्प**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, समाजवादी पार्टी कार्यालय गौरीगंज में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। वक्ताओं ने अहिल्या बाई होल्कर के शासन काल को याद किया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और जनकल्याण की भावना से राज्य का संचालन किया। समाज में समरसता और न्याय की मिसाल कायम की। सपा प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि लोकमाता ने अपने अद्वितीय शासन कौशल से एक कुशल प्रशासक होने का प्रमाण दिया। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि अहिल्या बाई नारी सशक्तिकरण की प्रतीक थीं। उनके कार्यकाल में समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिला। उन्होंने मंदिर, घाट, धर्मशालाओं व सड़कों का निर्माण करवाया। कार्यक्रम में तिलोई विधानसभा प्रभारी पंधारी यादव उपस्थित रहे। जिला महासचिव अरशद अहमद और महिला सभा की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह भी मौजूद थीं। सपा कार्यकर्ताओं ने अहिल्या बाई के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय और समानता के लिए काम करने का संकल्प लिया।



स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935, 9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी